प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक
# मोर्निंग सिटी
सच के साथ...

वर्ष - 10 अंक 41, 01 फरवरी से 07 फरवरी, 2026 मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8 WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म
मोर्निंग सिटी



## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी बजट

# युवा, किसान और कारोबारियों को आस आम बजट में आज मिलेगा कुछ 'खास'

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार सुबह 11 बजे संसद में आम बजट 2026-27 पेश करेंगी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का एक अहम बजट माना जा रहा है। पिछले साल बजट 2025-26 में मिडिल क्लास को बड़ी राहत मिली थी। अब बजट 2026 को लेकर हर वर्ग की उम्मीदें बढ़ गई हैं। महंगाई, रोजगार पर बड़ा फोकस हो सकता है, वहीं किसान, युवाओं और निवेशकों को भी सौगात मिलने की उम्मीद है।*

नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को लगातार 9वां बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री अपना बजट भाषण लोकसभा में 11 बजे से शुरू करेंगी। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां केंद्रीय बजट 2026-27 में कृत्रिम मेधा (एआई) पारिस्थितिकी तंत्र के विकास, नवाचार और डिजिटल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के साथ-साथ बाजार में इसके विस्तार के लिए नकदी उपलब्ध कराने के उपायों की उम्मीद कर रही हैं। वित्त मंत्री से किसानों को बड़ी उम्मीदें हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बजट 2026 लंबी अवधि के मजबूती के लिए कृषि क्षेत्र में विशेष पहल करने का एक अवसर है।



### केंद्रीय कर्मचारियों की नजर

केंद्रीय कर्मचारियों की नजर वित्त मंत्री की स्पीच पर है। दरअसल, आठवें वेतन आयोग के औपचारिक गठन के लगभग तीन महीने बाद बजट पेश होने जा रहा है। दरअसल, वेतन आयोग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 18 महीने की समय सीमा दी गई है। अगर केंद्र सरकार संशोधित वेतन और पेंशन के वित्तीय प्रभाव को वहन करने के लिए एक राशि आवंटित करने का निर्णय लेती है तो आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों को तेजी से लागू करने की अटकलें तेज हो जाएंगी।

### ईवी और लोकल मैन्युफैक्चरिंग अहम

ऑटो कंपनियां भविष्य की तकनीक जैसे ईवी, सॉफ्टवेयर-बेस्ड गाड़ियां और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग पर लगातार निवेश कर रही हैं। इंडस्ट्री चाहती है कि सरकार रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर टैक्स में छूट दे और कर्मचारियों को नई तकनीक सिखाने के लिए स्किल प्रोग्राम्स को बढ़ावा दे। इससे रोजगार बढ़ेगा और भारत का ऑटो सेक्टर लंबे समय तक मजबूत बना रहेगा।

### बजट से एक दिन पहले व्यापार जगत की आवाज तेज

*बजट का पिटारा खुलने से ठीक पहले देश के अलग-अलग कोनों से व्यापार जगत की आवाजें तेज हो गई हैं। मेटल एंड स्टील मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष और जाने-माने कारोबारी चंदन भंसाली ने इस बार बजट को लेकर बड़ी बात कही है। भंसाली का कहना है कि सरकार को मेटल इंडस्ट्री के बारे में गंभीरता से सोचना होगा. यह एक ऐसा सर्वव्यापी क्षेत्र है जिसके बिना निर्माण की कल्पना भी नहीं की जा सकती। व्यापारियों का तर्क है कि अगर मेटल उद्योग को करों में छूट या नीतियों में सरलीकरण मिलता है, तो इसका सीधा असर आम आदमी द्वारा खरीदी जाने वाली हर वस्तु की कीमत पर पड़ेगा।*

### हर वर्ग को बड़ी उम्मीदें

**मिडिल क्लास**

इस वर्ग को सबसे बड़ी उम्मीद इनकम टैक्स में छूट और टैक्स स्लैब में बदलाव से है। साथ ही, होम लोन के ब्याज पर मिलने वाली डिडक्शन की सीमा बढ़ाने की भी उम्मीद है ताकि घर खरीदना सस्ता हो सके।

**महिलाएं**

महिलाओं को उम्मीद है कि उज्ज्वला योजना जैसी स्कीमों का दायरा बढ़ेगा और महिला उद्यमियों के लिए सस्ते लोन की व्यवस्था होगी। इसके अलावा, कामकाजी महिलाओं के लिए टैक्स में विशेष छूट की भी मांग है।

**युवा**

युवाओं की नजर मुख्य रूप से रोजगार के नए अवसरों और स्टार्टअप्स के लिए मिलने वाली सरकारी मदद पर है। वे एजुकेशन लोन पर ब्याज दरों में कमी और स्किल डेवलपमेंट के लिए बड़े बजट की उम्मीद कर रहे हैं।

**किसान**

किसानों को पीएम किसान योजना की राशि बढ़ाए जाने और खाद-बीज पर सब्सिडी जारी रहने की उम्मीद है, साथ ही, वे फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस कदम चाहते हैं।

## उत्तराखंड के कालापानी में पारा माइनस 35, यूपी में कोहरे में 11 गाड़ियां टकराईं



नई दिल्ली

देश के उत्तरी इलाकों में एक बार फिर सर्दी लौट आई है। सुबह राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर प्रदेश के 4 जिलों, मध्य प्रदेश के 5 जिलों, पंजाब के 4 जिलों, हरियाणा के 3 जिलों और राजस्थान, बिहार के एक-एक जिले में, साथ ही दिल्ली में शनिवार सुबह का तापमान 4 से 8 डिग्री के बीच रहा।

हालांकि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में आज भी बर्फबारी हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत, नेपाल, चीन बॉर्डर के पास तापमान माइनस 35 रहा है। यहां सर्दी इतनी है कि कुछ देर बाहर रहने पर आंखों में पानी जम जा रहा है। यहां कालापानी इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवान स्पेशल ग्लास लगाकर चीन बॉर्डर पर गश्त कर रहे हैं। यहां नदी, नाले और झरने जम गए हैं। 23 जनवरी के बाद हुई भारी बर्फबारी से नलों और प्राकृतिक स्त्रोतों का पानी जम चुका है। जवानों को पीने और खाना बनाने के लिए बर्फ को पिघलाना पड़ रहा है। जम्मू-कश्मीर में तेज सर्दी के 40 दिन का फेज जिसे चिल्लई कलां कहते हैं। वह 30 जनवरी को खत्म हो गया है। इससे जम्मू-कश्मीर में कई इलाकों में रात के मिनिमम टेम्परेचर में बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार को श्रीनगर का तापमान 0त्ड से बढ़कर 1.30 पहुंच गया। ये गुरुवार रात को माइनस 0.6 था। इधर यूपी के लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, गाजियाबाद समेत 30 जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। कई जिलों में विजिबिलिटी 10 मीटर तक सिमट गई है। दिल्ली-देहरादून हाईवे पर सुबह 6 बजे नंगली गेट के पास 11 गाड़ियां टकराईं। कोहरे की वजह से 4 पिकअप, 5 कार और 2 ट्रक आपस में टकरा गए।

### फिर से लौटी ठंड...कोहरे से ढका आधा प्रदेश

लखनऊ

यूपी में बारिश और ओले गिरने के बाद ठंड फिर लौट आई है। शनिवार सुबह से लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, गाजियाबाद समेत कई जिलों में घना कोहरा छाया है। कई जिलों में विजिबिलिटी 10 मीटर तक है। बफीर्ली हवाओं से तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह-शाम गलन बढ़ गई है। सड़कों पर सन्नाटा है। गाड़ियों से निकले लोगों के हाथ सुन्न हो जा रहे हैं। लोग गर्म कपड़े पहनकर और अलाव सेंककर ठंड से बचते नजर आ रहे हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 31 जनवरी तक कोहरे में बढ़ोतरी होगी और कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा छा सकता है। फरवरी के पहले सप्ताह में नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक से तीन फरवरी के बीच पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है और कोहरे से राहत मिलेगी। चार फरवरी से तापमान में फिर हल्की गिरावट आने के आसार हैं। शुक्रवार को 8 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ बुलंदशहर सबसे ठंडा रहा।

## सुनेत्रा बनीं डिप्टी सीएम, पर नहीं मिला वित्त मंत्रालय

**महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री**

मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दिवंगत अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार (62) ने शनिवार को मुंबई में एक समारोह में महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सुनेत्रा पवार को विभागों का आवंटन भी कर दिया है। उपमुख्यमंत्री पद के साथ-साथ राज्य वह सरकार में आबकारी, खेल और अल्पसंख्यक एवं औकाफ मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालेंगी। हालांकि, उन्हें इन मंत्रालयों के अलावा अहम वित्त विभाग की जिम्मेदारी नहीं दी गई है।



### सबसे बड़ी चुनौती

सुनेत्रा पवार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती राकांपा को एकजुट रखना और भाजपा तथा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ गठबंधन की राजनीति को संभालना है, लेकिन उनकी तात्कालिक चुनौती यह तय करना होगा कि राकांपा का राकांपा (शप) के साथ बहुप्रतीक्षित विलय को आगे बढ़ाया जाए या नहीं।

### 10 मिनट का समारोह एक मिनट में शपथ

डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार का सादगीपूर्ण शपथ ग्रहण समारोह सिर्फ 10 मिनट तक चला। 5.04 मिनट पर सुनेत्रा अजित पवार ने एक मिनट में मराठी भाषा में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। एक मिनट में शपथ पढ़ने के बाद उन्होंने सिग्नेचर किया। लोकभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मंच पर पांच कुर्सियां लगी थीं। सफेद रंग की साड़ी में सुनेत्रा कुछ देर पहले लोकभवन पहुंची और प्रफुल्ल पटेल के पास नीचे लगी कुर्सी पर बैठीं। ठीक पांच बजे राज्यपाल देवव्रत और सीएम देवेंद्र फडणवीस डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के साथ पहुंचे।

## 'टीएमसी की विदाई का समय आ गया'

### बंगाल में ममता बनर्जी पर बरसे शाह, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

परगना

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस कड़ी में अब शनिवार को उत्तर 24 परगना में दिग्गज नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि अब टीएमसी की विदाई का समय आ गया है। इसी के गृहमंत्री अमित शाह ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है। इसी के साथ गृहमंत्री ने ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पर वंदे मातरम के अपमान का भी आरोप लगाया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, 'इस साल वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ है। पीएम मोदी की सरकार ने पूरे देश में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाने का फैसला किया है, लेकिन विडंबना देखिए। जब बंगाल में जन्मे और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम पर संसद में चर्चा हुई, तो ममता बनर्जी के सांसदों ने चर्चा का विरोध किया। क्या बंगाल की धरती वंदे मातरम के इस विरोध को



बर्दाश्त कर सकती है? हमें यह संदेश बंगाल के हर व्यक्ति, हर वोटर, हर नागरिक तक पहुंचाना है कि ममता बनर्जी और टीएमसी वोट बैंक की राजनीति और घुसपैठियों को खुश करने के लिए वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा, 'वंदे मातरम का विरोध करके ममता बनर्जी नरेंद्र मोदी का विरोध नहीं कर रही हैं, बल्कि वह बंगाल की पहचान और भारत के गौरव का विरोध कर रही हैं। मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि अगले चुनावों में बंगाल की पहचान का विरोध करने वाली टीएमसी को पूरी तरह से उखाड़ फेंकें और यहां देशभक्तों की सरकार लाएं।' वहीं आनंदपुर अग्निकांड पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'आनंदपुर में लगी आग कोई हादसा नहीं है। 25 लोगों की जान चली गई है, और 27 लोग लापता हैं। यह घटना क्यों हुई? इस मोमो फैक्ट्री में किसका पैसा लगा है? मोमो फैक्ट्री के मालिक कौन हैं? मोमो फैक्ट्री के मालिक किसके साथ फ्लाइट से विदेश गए हैं? और मोमो फैक्ट्री के मालिक को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? अगर ये घुसपैठिए (मृतक) होते तो क्या ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ऐसी ही होती? बंगाली नागरिकों की हत्या हुई है। इस मामले में आप वोट बैंक की राजनीति क्यों कर रही हैं? ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए।'

उन्होंने आगे कहा, "आज, मैं यहां से मांग करता हूं कि बंगाल की मुख्यमंत्री इस घटना की निष्पक्ष, न्यायिक जांच कराएं, और जो लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें जेल भेजा जाए। सुवेंदु अधिकारी और सामिक भट्टाचार्य पीड़ितों के परिवारों से मिलने गए थे। हमारे कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया, और पुलिस ने उन पर बर्बरता की। ममता बनर्जी की पार्टी और सरकार का भ्रष्टाचार अब छिपा नहीं रह सकता। आनंदपुर गोदाम में लगी आग चिल्ला-चिल्लाकर कह रही है कि इसमें ममता बनर्जी के लोग शामिल हैं। अगर ममता बनर्जी इसे छिपाना चाहती हैं, लेकिन अप्रैल के बाद जब बीजेपी सरकार आएगी, तो हम इस आग के दोषियों को चुन-चुनकर जेल भेजेंगे।"

## अयोध्या के राज्य कर उपायुक्त ने इस्तीफा लिया वापस

अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में तैनात राज्य कर उपायुक्त प्रशांत कुमार सिंह ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने अविमुक्तेश्वरानंद के विरोध और सरकार के समर्थन में अपना त्यागपत्र अधिकारियों को भेजा था। अब उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा कि अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि 'मैंने अपना त्यागपत्र वापस ले लिया है। मुझ पर कोई दबाव नहीं है। शनिवार को मैं अपने कार्यालय में हूं। अपना कार्य कर रहा हूं। भाई द्वारा लगाए आरोपों पर कहा कि मेरा भाई विश्वजीत सिंह, मुख्तार अंसारी की मऊ गैंग के सक्रिय सदस्य है। वह उनके आर्थिक सलाहकार रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे भाई पर तमाम आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। उसने माता-पिता को मारा पीटा। इसके संबंध में एफआईआर दर्ज है। उसने जिओ ब्रांच मैनेजर को भी जान से मारने की धमकी दी। वह जबरन वसूली करता है। उसका काम है कि पैसों के लिए दबाव बनाना। वह एक आपराधिक व्यक्ति है। फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट मामले पर उन्होंने कहा कि मेरा भाई ने साल 2021 में सीएमओ, मऊ को एक प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें कहा था कि प्रशांत द्वारा दिया गया दिव्यांग प्रमाणपत्र फर्जी है। क्योंकि, उस पर दिन अंकित नहीं है। डॉक्टरों के हस्ताक्षर नहीं है। सीएमओ ने विश्वजीत द्वारा बनाए गए फर्जी प्रमाणपत्र को संज्ञान में नहीं लिया। बल्कि, मुझे जांच के लिए आदेश दिया।



## अमेरिका में डंकी रूट से रोज 65 भारतीय पकड़े गए:सालभर में 23 हजार लोग गिरफ्तार हुए, तुर्किये-दुबई रूट से यूएस में एंट्री का ट्रेंड बढ़ा

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली

अमेरिका में डंकी रूट से एंट्री करने के मामले में बीते एक साल में हर रोज 65 भारतीय पकड़े गए। जनवरी से दिसंबर 2025 के आंकड़ों के अनुसार अमेरिकी बॉर्डर एंड कस्टम ने कुल 23,830 भारतीयों को पकड़ा।

विभाग के मुताबिक एंट्री के मामले घटे हैं, लेकिन इस पर पूरी तरह से रोक नहीं लगी है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में 2024 में कुल 85,119 भारतीय पकड़े गए थे। अधिकारियों ने बताया कि इस बार एक नया ट्रेंड भी




सामने आया है। अमेरिका में एंट्री करते पकड़े गए सभी भारतीय सिंगल एंटिटी यानी अकेले ही थे। कोई भी भारतीय परिवार के साथ नहीं पकड़ा गया। जबकि 2024 में पकड़े गए भारतीयों में से करीब 20 हजार भाई, पत्नी या बच्चों के साथ अमेरिका में अवैध रूप से एंट्री कर रहे थे। वहीं अमेरिका में कनाडा और मैक्सिको बॉर्डर के बजाय अब तुर्किये-दुबई रूट से अवैध एंट्री के मामले सामने आ रहे हैं। कनाडा बॉर्डर पर साल 2025 में 6968 जबकि मैक्सिको बॉर्डर पर 1543 भारतीय पकड़े गए। सबसे ज्यादा 15,319 दूसरे अमेरिकी शहरों से भारतीय पकड़े गए।

सूत्रों के मुताबिक तुर्किये-दुबई रूट से फ्लाइट के द्वारा सीधे अमेरिका में एंट्री कराई जाती है। ज्यादातर केस अमेरिका में वेकेशन वीसा के नाम पर एंट्री और फिर स्टे अवधि को जम्प करने के आ रहे हैं।अमेरिका से 2025 के दौरान कुल 3254 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। ये संख्या 2009 के बाद से सबसे ज्यादा है। 16 साल में 18882 को डिपोर्ट हुए। सबसे पहले डंकी को कनाडा के लिए टूरिस्ट वीजा अप्लाय करना होता है, जिससे भारत से कनाडा तक आसानी से पहुंचा जा सके। कनाडा के टोरंटो पहुंचने पर डंकी को एजेंट के कॉल के इंतजार में कई दिनों तक होटल में रुकना पड़ता है।

एजेंट डंकी को टोरंटो से 2,100 किलोमीटर दूर मनितोबा प्रॉविंस तक लेकर जाता है। मनितोबा में सर्दी इतनी ज्यादा होती है कि आंखों से निकले आंसू पलकों पर ही जम जाते हैं। डंकी को मनितोबा से 1,834 किमी दूर एमरसन गांव पहुंचाया जाता है। यह गांव कनाडा और अमेरिका बॉर्डर पर है।

यहां से डंकी -40 डिग्री की जानलेवा सर्दी में पैदल चलकर अमेरिका पहुंचते हैं। इस रास्ते में घुटनों तक बर्फ जमी होती है और दूर-दूर तक कोई इंसान नजर नहीं आता। डंकी 49वें पैरलल बॉर्डर पर पहुंचते हैं। भारत में डंकी रूट का सबसे आम रास्ता रास्ता साउथ अमेरिका होते हुए अमेरिका पहुंचाता है, लेकिन इस रास्ते में घने जंगल, पहाड़, नदियां और रेगिस्तान पार करना होता है।

## सम्पादकीय

# 6.8 से 7.2 फीसदी की ग्रोथ, लेकिन राह आसान नहीं



हर साल संसद में पेश होने वाली आर्थिक समीक्षा आमतौर पर इस बात का ब्योरा होती है कि पिछले बजट में देश की अर्थव्यवस्था और अन्य मोर्चे पर सुधार के लिए जो वादे किए गए थे, वे किस हद तक पूरे किए जा सके। यह इसका भी संकेत होता है कि अगले वित्त वर्ष में सरकार के आर्थिक फैसलों में किन मसलों को प्राथमिकता मिल सकती है। इस लिहाज से देखें, तो वित्त मंत्री ने जो आर्थिक समीक्षा पेश की है, वह देश की परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ी हो रही आर्थिक चुनौतियों के बीच उम्मीद जगाती है, लेकिन यह आने वाले वक्त के जोखिमों के प्रति आगाह भी करती है। समीक्षा में वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.8 फीसद से 7.2 फीसद के बीच रहने का अनुमान जताया गया है। विदेशी पूंजी प्रवाह में कमी के कारण रुपए पर प्रतिकूल असर और बीते वर्ष भारतीय मुद्रा में कमजोरी के बावजूद यह अनुमान अर्थव्यवस्था में स्थिरता का संकेत देता है। हालांकि समीक्षा में विकसित भारत और वैश्विक प्रभाव का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से मजबूत और स्थिर मुद्रा को एक स्वाभाविक जरूरत बताने के समांतर रुपए के मूल्य में गिरावट को हानिकारक नहीं माना गया, क्योंकि यह भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में इजाफे के असर को कुछ हद तक कम करता है। दूसरी ओर, यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर यह उम्मीद जताई गई है कि यह भारत की विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मक, निर्यात और रणनीतिक क्षमता को मजबूत करेगा। समीक्षा के मुताबिक, अनिश्चित वैश्विक माहौल में भारत को घरेलू वृद्धि को प्राथमिकता देने की जरूरत है और इसके लिए वित्तीय सुरक्षा उपायों और नकदी पर ज्यादा जोर देना चाहिए। जाहिर है, वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर तेजी से बदलते समीकरण और भू-राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनजर भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए अपने हितों के अनुकूल उपाय करने होंगे। आर्थिक समीक्षा में नवोन्मेष और वैश्विक पहलकदमियों को कमजोर किए बिना दक्षता और स्वदेशी को अपनाने का आह्वान किया गया है, जो निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता की संभावनाओं को मजबूत करेगा। कृषि क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। इस बिंदु पर सर्वेक्षण में यह कहा गया है कि कृषि निर्यात में व्यापार नीति का उपयोग कीमतों और उत्पादन में अस्थिरता के बीच अल्पकालिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाता है। मगर बार-बार नीतिगत बदलाव आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करते हैं। यह देखने की बात होगी कि समीक्षा में जाहिर इस चिंता के संदर्भ में बजट की क्या दिशा होती है। यों, महंगाई का असर नरम रहने और अगले वर्ष भी चिंता का बड़ा कारण नहीं बनने को लेकर उम्मीद जताई गई है। समीक्षा में अस्थायी कामगारों के लिए काम से जुड़ी शर्तें नए सिरे से तय करने के उद्देश्य से नीति लाने की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसके अलावा, नागरिकों की सेहत की सुरक्षा के मद्देनजर अधिक वसा और चीनी वाले अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की बढ़ती खपत पर चिंता जताई गई है और इन उत्पादों के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव भी दिया गया है।



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

# आर्थिक सर्वेक्षण से बजट तक : भविष्य के भारत की तलाश

ललित गर्ग

> वैश्विक स्तर पर टैरिफ, व्यापार अवरोध और संरक्षणवाद की प्रवृत्तियां भारत के लिए चुनौती भी हैं और अवसर भी। अजय बंगा का यह कथन कि टैरिफ पर अधिक चिंता करने के बजाय व्यापारिक अवसरों पर ध्यान दिया जाना चाहिए, भारत की वर्तमान स्थिति के लिए उपयुक्त दृष्टि प्रदान करता है। भारत के पास विशाल घरेलू बाजार, युवा जनसंख्या, डिजिटल क्षमताएं और उद्यमशीलता की प्रबल ऊर्जा है। यदि यह बजट निर्यात-उन्मुख उद्योगों, स्टार्ट-अप्स, मैन्युफैक्चरिंग और वैल्यू-एडेड सेक्टर को प्रोत्साहन देता है, तो भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में और मजबूत स्थान बना सकता है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को केवल नारों से आगे ले जाकर व्यावहारिक नीति समर्थन की आवश्यकता है-सरल कर संरचना, आसान ऋण, अनुसंधान एवं नवाचार में निवेश और व्यापार करने में सुगमता के माध्यम से। इस संदर्भ में मध्यम वर्ग की भूमिका को नजरअंदाज करना आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती होगा। मध्यम वर्ग किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है-वह सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है और सबसे बड़ा करदाता भी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद के पटल पर प्रस्तुत किया जाने वाला बजट केवल आय-व्यय का वार्षिक लेखा-जोखा नहीं होता, बल्कि वह देश की आर्थिक दिशा, सामाजिक प्राथमिकताओं और भविष्य की संभावनाओं का दर्पण होता है। आज जब भारत एक ओर तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मंच पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है और दूसरी ओर वैश्विक अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों, जलवायु संकट और तकनीकी परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब यह बजट और भी अधिक अर्थपूर्ण हो जाता है। व्यक्तिगत नागरिक से लेकर व्यापारी, उद्योगपति, किसान, श्रमिक, युवा और मध्यम वर्ग-सभी की निगाहें इस बजट पर टिकी हैं, क्योंकि इससे न केवल वर्तमान वर्ष की आर्थिक तस्वीर, बल्कि ҳभविष्य के भारतҳ की झलक भी मिलती है।

बजट से पूर्व प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण ने सरकार की सोच और नीति-दृष्टि के कई संकेत दिए हैं। इसमें विकास को केवल आंकड़ों की वृद्धि तक सीमित न रखकर अवसरों के विस्तार, समावेशी विकास और दीर्घकालिक स्थिरता पर जोर दिया गया है। यह स्वीकार किया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां अवश्य हैं, किंतु उनसे अधिक संभावनाएं हैं। यही दृष्टिकोण इस बजट का मूल स्वर होना चाहिए-चुनौतियों को अवसरों में बदलने का साहसिक प्रयास। सबसे पहली और महत्वपूर्ण अपेक्षा निम्न वर्ग की क्रय-शक्ति बढ़ाने को लेकर है। किसी भी अर्थव्यवस्था की वास्तविक मजबूती तभी आती है जब उसके सबसे निचले पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी सम्मानजनक जीवन जी सके और उपभोग में भागीदार बने। यदि निम्न आय वर्ग की आय बढ़ती है, उसे सस्ती और सुलभ सुविधाएं मिलती हैं, तो उसका सीधा प्रभाव मांग पर पड़ता है और मांग बढ़ने से उत्पादन, निवेश और रोजगार-तीनों को गति मिलती है। इसलिए इस बजट में प्रत्यक्ष नकद अंतरण, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च के साथ-साथ रोजगार सृजन के ठोस उपाय अपेक्षित हैं। मनरेगा जैसे कार्यक्रमों का सुदृढ़ीकरण, शहरी गरीबों के लिए भी समान प्रकृति की योजनाएं और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। शहरी विकास इस बजट का एक और प्रमुख केंद्र होना चाहिए। भारत तेजी से शहरीकरण की





ओर बढ़ रहा है और शहरों पर जनसंख्या, आवास, परिवहन, जल, स्वच्छता और पर्यावरण का दबाव लगातार बढ़ रहा है। केवल बड़े महानगरों पर निर्भरता अब व्यावहारिक नहीं रही। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा द्वारा सुझाया गया शहरी विकेंद्रीकरण का विचार आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है। छोटे और मध्यम शहरों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाना, उद्योगों और सेवाओं को वहां प्रोत्साहित करना, न केवल महानगरों पर बोझ कम करेगा बल्कि क्षेत्रीय असंतुलन को भी घटाएगा। बजट में यदि टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए विशेष शहरी अवसंरचना पैकेज, परिवहन नेटवर्क, डिजिटल कनेक्टिविटी और कौशल विकास योजनाएं लाई जाती हैं, तो यह दूरगामी परिवर्तन का आधार बन सकता है।



वैश्विक स्तर पर टैरिफ, व्यापार अवरोध और संरक्षणवाद की प्रवृत्तियां भारत के लिए चुनौती भी हैं और अवसर भी। अजय बंगा का यह कथन कि टैरिफ पर अधिक चिंता करने के बजाय व्यापारिक अवसरों पर ध्यान दिया जाना चाहिए, भारत की वर्तमान स्थिति के लिए उपयुक्त दृष्टि प्रदान करता है। भारत के पास विशाल घरेलू बाजार, युवा जनसंख्या, डिजिटल क्षमताएं और उद्यमशीलता की प्रबल ऊर्जा है। यदि यह बजट निर्यात-उन्मुख उद्योगों, स्टार्ट-अप्स, मैन्युफैक्चरिंग और वैल्यू-एडेड सेक्टर को प्रोत्साहन देता है, तो भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में और मजबूत स्थान बना सकता है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को केवल नारों से आगे ले जाकर व्यावहारिक नीति समर्थन की आवश्यकता है-सरल कर संरचना, आसान ऋण, अनुसंधान एवं नवाचार में निवेश और व्यापार करने में सुगमता के माध्यम से। इस संदर्भ में मध्यम वर्ग की भूमिका को नजरअंदाज करना आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती होगा। मध्यम वर्ग किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है-वह सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है और सबसे बड़ा करदाता भी। विडंबना यह है कि बजट चचाओं में अक्सर यही वर्ग अपेक्षाकृत उपेक्षित रह जाता है। बढ़ती महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य का खर्च, आवास ऋण और करों का बोझ मध्यम वर्ग की बचत और उपभोग दोनों को प्रभावित करता है। यदि इस बजट में आयकर स्लैब में तर्कसंगत सुधार, शिक्षा-स्वास्थ्य पर कर राहत और आवास को प्रोत्साहन जैसे कदम उठाए जाते हैं, तो इससे न केवल मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी बल्कि मांग-आधारित विकास को भी बल मिलेगा।

उद्योगों और व्यापार जगत के लिए बजट से अपेक्षा है कि वह स्थिर और पूर्वानुमेय नीति वातावरण प्रदान करे। निवेशक अनिश्चितता से डरते हैं। कर नीति में बार-बार बदलाव, अनुपालन की जटिलता और नियामक अस्पष्टता निवेश को बाधित करती है। इस बजट में यदि दीर्घकालिक कर-नीति का स्पष्ट संकेत, एमएसएमई सेक्टर के लिए सस्ता ऋण, तकनीकी उन्नयन के लिए प्रोत्साहन और हरित उद्योगों के लिए विशेष पैकेज दिए जाते हैं, तो यह उद्योगों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र, जो रोजगार का सबसे बड़ा स्रोत है, उसे आर्थिक पुनरुत्थान का केंद्र बनाया जाना चाहिए।

भविष्य के भारत की कल्पना केवल आर्थिक वृद्धि तक सीमित नहीं हो सकती। इसमें पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक न्याय और मानवीय विकास समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में हरित ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन और टिकाऊ कृषि को बजट में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। यह न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि नए उद्योगों और रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। शिक्षा और कौशल विकास में निवेश भविष्य की कार्यशक्ति को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा, जबकि स्वास्थ्य पर खर्च एक स्वस्थ और उत्पादक समाज की नींव रखेगा।

अंततः यह बजट एक संतुलन की परीक्षा है-राजकोषीय अनुशासन और विकासात्मक खर्च के बीच, अल्पकालिक राहत और दीर्घकालिक सुधारों के बीच, तथा विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं के बीच। यदि यह बजट निम्न वर्ग की क्रय-शक्ति बढ़ाने, मध्यम वर्ग को राहत देने, शहरी विकेंद्रीकरण को गति देने और वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में बदलने की स्पष्ट दिशा देता है, तो यह केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम का घोषणापत्र बन सकता है। देश को आज ऐसे ही बजट की आवश्यकता है-जो आशा जगाए, विश्वास पैदा करे और भविष्य के प्रति एक सकारात्मक, साहसिक दृष्टि प्रस्तुत करे।

# हिन्दुओं को विभाजित करके अपनी राजनीति साधने के प्रयास में विपक्ष

मृत्युंजय दीक्षित

अविमुक्तेश्वरानंद प्रायः अपनी विवादित बयानबाजी के कारण चर्चा में रहते हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विवादित बयान दिया देकर इन्होंने बड़ा विवाद खड़ा करने का असफल प्रयास किया था। एक बार स्वामी अविमुकतेश्वरानंद ने कहा था कि राहुल गांधी हिंदू नही हैं उन्हें राम मंदिर नहीं जाने देना चाहिए। इन दिनों विपक्ष उत्तर प्रदेश में दो घटनाओं के माध्यम से अपनी राजनीति साधने के प्रयास में है।

पहली घटना वाराणसी के मर्णिकर्णिका घाट के नवीनीकरण के लिए पुरानी प्रतिमाओं तथा कुछ छोटे मंदिरो पर बुलडोजर चलाने की थी जो बाद में फर्जी निकली। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के उपरान्त एआई वीडियो के आधार पर मंदिर तोड़े जाने की अफवाहें फैलाकर राजनैतिक रोटियां सेंकने वाले लोगों जिनमें आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह तथा बिहार के सांसद पप्पू यादव शामिल हैं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके बाद भी इस विषय पर स्थानीय स्तर पर राजनीति की जा रही है। समाजवादी पार्टी पीडीए के नाम पर पाल समाज को भड़काकर धरना प्रदर्शन इत्यादि का आयोजन कर रही है। इस मुद्दे पर सपा, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भारतीय जनता पार्टी की छवि को आघात पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का जमकर प्रयोग कर रही है। दूसरी घटना प्रयागराज में चल रहे माघ मेले की है जो विवादों में रहने वाले एक शंकराचार्य के तथाकथित अपमान से जुड़ी है। प्रयागराज में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला माघ मेला सफलतापूर्वक चल रहा था उसमें शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद मेला प्रशासन के नियमों को धता बताते हुए पालकी (बग्घी) में बैठकर अपने भक्तों के साथ संगम नोज पर पहुँचने के लिए अड़ गए। पुलिस बल ने उनको बग्घी न ले जाने का निवेदन किया। उनके भक्तों और पुलिस के बीच विवाद हुआ और उन्होंने पुलिस के साथ हाथापाई शुरू कर दी। इसके बाद जमकर उपद्रव हो गया। अंततः शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद धरने पर बैठ और समाजवादी पार्टी और अन्य विरोधी दलों ने मामले को तुरंत ही अपनी राजनीति चमकाने के लिए लपक लिया। विभिन्न राजनैतिक दल इस मुद्दे





को जिस तरह उठा रहे हैं उससे यह स्पष्ट है कि उनको शंकराचार्य या सनातन के सम्मान से कोई लेना देना नहीं है उनका एकमात्र उद्देश्य इस मुद्दे पर हिन्दू मतों का विभाजन करना है। यह भी संभव है कि इस प्रकरण की पटकथा किसी राजनैतिक दल ने ही लिखी हो जो आजकल अविमुक्तेश्वरानंद के निकट दिखाई दे रहा है।

राजनैतिक दल तो समय के अनुसार अपने रंग बदलते रहते हैं किन्तु क्या अविमुक्तेश्वरानंद भी यह भूल गए कि जो समाजवादी आज उनका समर्थन कर रहे हैं जिन्होंने ही कभी उनके ऊपर लाठियां बरसाई थीं और जमीन पर पटक -पटक कर मारा था। उस समय भाजपा ने ही उनकी सुरक्षा व बचाव किया था। आज अविमुक्तेश्वरानंद भाजपा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं । अविमुक्तेश्वरानंद प्रायः अपनी विवादित बयानबाजी के कारण चर्चा में रहते हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विवादित बयान दिया देकर इन्होंने बड़ा विवाद खड़ा करने का असफल प्रयास किया था। एक बार स्वामी अविमुकतेश्वरानंद ने कहा था कि राहुल गांधी हिंदू नही हैं उन्हें राम मंदिर नहीं जाने देना चाहिए। जब आपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार ने पाक के साथ सिंधु जल समझौता निलंबित किया तब उन्होंने कहा था कि यह काम करने के लिए भारत को कम से कम 20 साल लग जाएंगे, इन्होंने वक्फ संशोधन बिल को सौगात-ए-मोदी कहा था। यह काशी कारिडोर का भी विरोध कर चुके हैं। यह शंकराचार्य अभी तक अयोध्या दर्शन करने नहीं गए हैं। यह हिंदू समाज को विभाजित करने वाली राजनैतिक ताकतों के हाथों की कठपुतली बनकर उनके शिकार हो गए हैं। जिन लोगों के मुंह में तमिलनाडु के द्रमुक नेता सनातन की तुलना डेंगू ,मलेरिया से तुलना उसके उन्मूलन जैसी बातों पर ताला लग जाता है वो भी शंकराचार्य के समर्थन में झंडा उठाए हैं। आज वो लोग अविमुक्तेश्वरानंद के पक्ष में खड़े हैं जिन्होंने कुछ दिन पूर्व मद्रास हाईकोर्ट के जज के खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव का समर्थन कर दिया था क्योंकि उस जज ने हिन्दू पक्ष को दीपक जलाने की अनुमति दे दी थी। आज वो हिन्दू सनातन की दुहाई दे रहे हैं जिनहें गाय के गोबर से बदबू आती है। बांग्लादेश में निर्दोष हिन्दुओं की हत्याएं पर पूरा इंडी गठबंधन मौन हो गया। सनातन को अपमानित करने में समाजवदियों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यह समाजवादी रामचिरत मानस व गीता को अपमानित करते हैं ,इनके विधायक व कार्यकर्ता पवित्र ग्रंथ रामचरित मानस को फाड़ते और जलाते हैं। आज यही लोग शंकराचार्य की आड़ लेकर हिंदू समाज को बांटने की साजिश कर रहे हैं। प्रयागराज में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंटोंगे तो कटोगे का नारा दिया था जिससे समाजवादी व कांग्रेसी काफी परेशान थे कि अगर कहीं हिन्दू पूरी तरह से एकजुट हो गए तो उनकी राजनीति समाप्त हो जाएगी, इसलिए प्रयागराज की धरती पर ही हिन्दू समाज को बांटने की रणनीति बनाई गई और पीडीए की राजनीति करने वाले लोगों ने माघ मेला के पवित्र अवसर को चुना। आम जनमानस की स्मृति बहुत कमजोर होती है और उसे जातीय आधार पर विभाजित किया जा सकता है। इन सभी दलों को यह भी पता है कि जब तक ब्राह्मण समाज व समस्त सवर्ण समाज को विभाजित और भाजपा के प्रति उनके मन में निराशा के भाव नही पनपा जाते हैं तब तक भारतीय जनता पार्टी का विजय रथ उत्तर प्रदेश में रोकना असंभव है। समाजवादी पार्टी को पता है कि जब तक हिन्दू धर्म को किसी बड़े विवाद के माध्यम से विभाजित नहीं किया जाएगा तब तक उनका पीडीए शक्तिहीन रहेगा। यही कारण हैं कि जब टीवी चैनलों पर रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों पर चर्चा हो रही थी तब शंकराचार्य की आड़ हिन्दू धर्म में दरार डालने वाली बहस हो रही है। विपक्षी दलों के प्रवक्ता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना बाबर और औरंगजेब जैसे मुगल शासकों से कर रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जितना सम्मान संतो और शंकराचार्यों का किया है उतना किसी ने नहीं किया है। मुख्यंमंत्री ने सनातन धर्म का मान बढ़ाया है। अयोध्या, प्रयाग, काशी, मथुरा, विंन्ध्याचल के उपेक्षित मंदिरो का जीर्णोद्धार करके हिन्दू धर्म का मान बढ़ाया है। ऐसे कर्मयोगी संत के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी अस्वीकार्य है।

# बर्फ में परेशान आनंद

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

बर्फ जब इठलाते हुए जब धरती पर उतरती है तो कुदरत की वाह वाह शुरू हो जाती है लेकिन खूबसूरत प्रेमिका की तरह परेशान करना भी शुरू कर देती है। बर्फबारी के बाद छपी अखबार की खबरों के शीर्षक से लगता है बर्फ वरदान नहीं है, जबरदस्ती दिया हुआ दान है जिससे परेशानियां हो रही हैं।

बर्फ ऐसी सुन्दर सजीली प्रेमिका है जो इंसान को खूब इंतजार करवाती है। बर्फ को प्रकृति का वरदान भी माना जाता है जिसे प्राप्त करने के लिए पूजा, पाठ, हवन यज्ञ भी किए जाते हैं लेकिन उससे पहले राजनीतिक और सामाजिक स्वार्थ पूरे करने के लिए लाखों वृक्ष फना किए जाते हैं तभी तो लोकप्रिय नेताओं की आहुतियों के वावजूद बर्फ नहीं पड़ती। सरकार का मौसम विभाग अनुमान



छपवाता है कि क्रिसमस पर नहीं पड़ी तो नए वर्ष पर पड़ सकती है। उपरवाले के यहां क्रिसमस, नया साल या मकर संक्रांति जैसे दुनियावालों के बनाए हुए पर्व नहीं होते। वहां तो जिन ऊंचे पहाड़ों पर कुदरती नमी और ठंडक का संतुलन बन जाए, वहीं बर्फ के फाहे आसमान से उतरने शुरू हो जाते हैं ।

बर्फ जब इठलाते हुए जब धरती पर उतरती है तो कुदरत की वाह वाह शुरू हो जाती है लेकिन खूबसूरत प्रेमिका की तरह परेशान करना भी शुरू कर देती है। बर्फबारी के बाद छपी अखबार की खबरों के शीर्षक से लगता है बर्फ वरदान नहीं है, जबरदस्ती दिया हुआ दान है जिससे परेशानियां हो रही हैं। पढ़िए, बर्फ ने मचा दिया कोहराम, बर्फ न हुई विलेन हो गई। बर्फबारी के बीच फंसे पर्यटक, पहली बार आए थे, हाइवे छतीस घंटे से बंद। भूखे प्यासे पर्यटकों ने वाहनों में काटी रात। वाहनों को पुलिस ने निकाला। सड़कें साफ नहीं कर पाएंगे तो ऐसा ही होगा। बर्फ जमने से गाड़ियां फिसल रही। बर्फ पर फिसलन के कारण गाड़ी पीछे सरकने लगी, गिरते हुए पेड़ से टकराई। इसमें बर्फ की गलती है, उसे ऐसा होना चाहिए जम जाए पर फिसलन न हो। बर्फबारी के बीच पैदल चलकर शादी संपन्न करनी पडी, बर्फबारी न होती तो आराम से होती। सरकारी अफसर को बारह किलोमीटर बर्फ में पैदल चलना पड़ा, बर्फ न गिरती तो अपनी सरकारी कार में आते।

ठंड से कांपा प्रदेश। खौफनाक मंजर। भारी बारिश, तूफान, बर्फ गिरने से क्षेत्र की दो सौ अडतीस सड़कें बंद हो गई। पांच हजार सात सौ पचहत्तर ट्रांसफार्मर ठप। बत्तीस घंटे का बलैक आउट। मंत्रीजी उदघाटन करने नहीं आ सके। उनकी कई साल की मेहनत पर बर्फ ने पानी फेर दिया। खंबे तोड़े, बिजली बंद, इंटरनेट बंद, आम जन परेशान। इंटरनेट ऐसा होना चाहिए जो किसी भी स्थिति में चलता रहे। उदघाटन ऑनलाइन हो सकता है। सड़कें दरुस्त करने के लिए जेसीबी मंगवाई, कई खराब, कम चालक, पेट्रोल पम्प दूर। सरकारी अफसर का महत्तवपूर्ण बयान, वर्षा एवं बर्फबारी के दृष्टिगत सभी स्तरों पर, समुचित प्रबंध किए जा चुके हैं। लेकिन प्रशासन बर्फ में ध्वस्त यानी बर्फ न गिरती तो प्रशासन एक बार फिर ध्वस्त होने से बच जाता।

जिन स्थानों पर बर्फ नहीं पड़ती वीडियो बनाने वालों ने वहां पर गिरती बर्फ के नकली फोटो और वीडियो पोस्ट किए और पर्यटकों को गुमराह किया। उन बेचारों के बस में इतना ही था। हां, बर्फ पड़ने से कारोबारियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कमरों के मनमाने दाम वसूले, गर्म पानी की बाल्टी महंगी बेची। टैक्सी चालकों ने मौके का फायदा उठकर कुछ किलोमीटर के हजारों बनाए। बदइंतजामी की जिम्मेदारी की काली बर्फ, सरकारी विभागों ने एक दूसरे पर लगातार फेंकी। प्रशासन आने वाली तारीखें छापकर बता रहा है कि बर्फ गिरने की संभावना है, ऐसा लगता है खबरदार रहें, संभावना नहीं आशंका है।

## लोक कथा

# फाखता का अंडा

किसी फाखता ने एक पेड़ की कोटर में अंडा दिया। पेड़ के पास एक लुहार का घर था। ज्यों ही फाखता दाने की तलाश में कोटर से बाहर गई लुहारिन ने अंडा चुरा लिया। फाखता कोटर में वापस आई तो अंडा गायब! फाखता ताड़ गई कि यह लुहारिन का काम है। वह लुहारिन के पास गई और विनती की, दया करके मेरा अंडा वापस कर दो! लुहारिन ने अनजान बनते हुए कहा, अंडा? कैसा अंडा? मैंने काई अंडा-वंडा नहीं देखा। शोकसंतप्त फाखता किसी मददगार की तलाश में उड़ी। उड़ते-उड़ते उसे एक सूअर मिला। सूअर ने पूछा, क्या बात है नन्हीं चिड़िया, तुम रो क्यों रही हो? फाखता ने कहा, वराह, क्या तुम मेरी मदद करोगे? क्या तुम लुहारिन की अरबी खोदोगे? उसने मेरा अंडा चुरा लिया। नहीं, मैं नहीं खोदूँगा, सूअर घुरघुराया और आगे बढ़ गया। फिर उसे एक शिकारी मिला, तुम्हारी आँखों में आँसू क्यों हैं कुमरी? कुमरी ने कहा, क्या तुम सूअर को तीर मारोगे? उसने लुहारिन की अरबी खोदने से मना कर दिया। लुहारिन ने मेरा अंडा चुरा लिया। क्यों, मैं क्यों उसे तीर मारूँ? मुझे इसमें मत फँसाओ। यह कहकर शिकारी चला गया। फाखता वहाँ से उड़ी। उसके आँसू थम नहीं रहे थे। आगे उसे एक चूहा मिला। उसने भी उसके रोने का कारण पूछा, फाखता ने कहा, क्या तुम शिकारी ने धनुष की डोरी कुतर दोगे?

वह सूअर को तीर नहीं मारता। सूअर लुहारिन की अरबी नहीं खोदता। लुहारिन ने मेरा अंडा चुरा लिया। चूहे ने भी कहा, नहीं, मैं नहीं कुतरूँगा। फिर उसे एक बिल्ली मिली। बिल्ली ने पूछा, क्या बात है नन्हीं चिड़िया, तुम्हारी आँखों में आँसू क्यों हैं? क्या तुम चूहे को पकड़ोगी? वह शिकारी के धनुष की डोरी नहीं कुतरता। शिकारी सूअर को तीर नहीं मारता। सूअर लुहारिन की अरबी नहीं खोदता। लुहारिन ने मेरा अंडा चुरा लिया। बिल्ली ने भी दूसरे के झमेले में टाँग अड़ाने से मना कर दिया। बेचारी फाखता के दुख और गुस्से का पार न रहा। उसका विलाप सुनकर उधर से गुजरते एक कुत्ते ने उसकी व्यथा जाननी चाही। फाखता ने कहा, क्या तुम बिल्ली को काटोगे? वह चूहे को नहीं पकड़ती। चूहा शिकारी के धनुष की डोरी नहीं कुतरता। शिकारी सूअर को तीर नहीं मारता। सूअर लुहारिन की अरबी नहीं खोदता। लुहारिन ने मेरा अंडा चुरा लिया। मुझे इससे क्या! कुत्ते ने कहा और भाग गया। फाखता और जोर से रोने लगी। रास्ते पर जाते सफेद दाढ़ी वाले बूढ़े ने उससे पूछा कि वह रो क्यों रही है। फाखता ने कहा, दादाजी, क्या आप कुत्ते को पीटेंगे? वह बिल्ली को नहीं काटता। बिल्ली चूहे को नहीं पकड़ती। चूहा शिकारी के धनुष की डोरी नहीं कुतरता। शिकारी सूअर को तीर नहीं मारता। सूअर लुहारिन की अरबी नहीं खोदता। लुहारिन ने मेरा अंडा चुरा लिया। ऐसे काम में बूढ़े की कोई रुचि नहीं थी। उसने सर हिलाया और चला गया। फाखता फिर आग के पास गई और उससे बूढ़े की दाढ़ी जलाने के लिए कहा। पर आग ने मना कर दिया। फिर वह पानी के पास गई और उससे आग बुझाने को कहा जो बूढ़े की दाढ़ी नहीं जलाती। बूढ़ा कुत्ते को नहीं पीटता। कुत्ता बिल्ली को नहीं काटता। बिल्ली चूहे को नहीं पकड़ती। चूहा शिकारी के धनुष की डोरी नहीं कुतरता। शिकारी सूअर को तीर नहीं मारता। सूअर लुहारिन की अरबी नहीं खोदता। लुहारिन ने उसका अंडा चुरा लिया। पानी ने भी उसकी मदद नहीं की। थोड़ी देर बाद फाखता को एक हाथी मिला। उसने हाथी से पूछा कि क्या वह पानी को गंदला करेगा जो आग नहीं बुझाता? आग बूढ़े की दाढ़ी नहीं जलाती। बूढ़ा... हाथी ने कहा, मुझे इससे क्या! फाखता फिर किसी की खोज में उड़ चली। तभी उसे एक चींटी दिखी। चींटी ने उससे पूछा कि वह दुखी क्यों है। चींटी बहन, तुम जरूर मेरी मदद करोगी। क्या तुम हाथी की सूँड में घुसकर उसे काटोगी? हाथी पानी गंदला नहीं करता। पानी आग नहीं बुझाता। आग बूढ़े की दाढ़ी नहीं जलाती। बूढ़ा कुत्ते को नहीं पीटता। कुत्ता बिल्ली को नहीं काटता। बिल्ली चूहे को नहीं पकड़ती। चूहा शिकारी के धनुष की डोरी नहीं कुतरता। शिकारी सूअर को तीर नहीं मारता। सूअर लुहारिन की अरबी नहीं खोदता। लुहारिन ने मेरा अंडा चुरा लिया। क्यों नहीं, अभी लो! चींटी ने कहा और हाथी की सूँड़ में घुसकर मुलायम जगह पर जोर से काटा। हाथी तेजी से भागा और तालाब में घुसकर पानी को झिकोलने लगा। पानी हरहराता हुआ आगे बढ़ा और आग को बुझाने लगा। उन्मत्त आग भड़क उठी और बूढ़े की दाढ़ी को जला दिया। बूढ़े ने कुत्ते को पीटा। कुत्ता बिल्ली के पीछे भागा और उसे काट खाया। बिल्ली ने चूहे को पकड़ा। चूहे ने शिकारी के धनुष की डोरी को कुतर डाला। शिकारी ने नई डोरी बाँधी और सूअर पर तीर चलाया। सूअर दौड़ा और लुहारिन की सारी अरबियाँ खोद डालीं। लुहारिन तुरंत समझ गई कि उसे क्या करना है। उसने फाखता का अंडा लिया और पेड़ की कोटर में सावधानी से रख दिया। इस तरह फाखता को अपना अंडा वापस मिल गया।

## पंचतंत्र कहानी

# चुहिया का स्वयंवर

गंगा नदी के किनारे एक तपस्वियों का आश्रम था । वहाँ याज्ञवल्क्य नाम के मुनि रहते थे । मुनिवर एक नदी के किनारे जल लेकर आचमन कर रहे थे कि पानी से भरी हथेली में ऊपर से एक चुहिया गिर गई । उस चुहिया को आकाश मेम बाज लिये जा रहा था। उसके पंजे से छूटकर वह नीचे गिर गई । मुनि ने उसे पीपल के पत्ते पर रखा और फिर से गंगाजल में स्नान किया । चुहिया में अभी प्राण शेष थे । उसे मुनि ने अपने प्रताप से कन्या का रुप दे दिया, और अपने आश्रम में ले आये । मुनि-पत्नी को कन्या अर्पित करते हुए मुनि ने कहा कि इसे अपनी ही लड़की की तरह पालना । उनके अपनी कोई सन्तान नहीं थी , इसलिये मुनिपत्नी ने उसका लालन-पालन बड़े प्रेम से किया । १२ वर्ष तक वह उनके आश्रम में पलती रही । जब वह विवाह योग्य अवस्था की हो गई तो पत्नी ने मुनि से कहा----"नाथ ! अपनी कन्या अब विवाह योग्य हो गई है । इसके विवाह का प्रबन्ध कीजिये ।" मुनि ने कहा----"मैं अभी आदित्य को बुलाकर इसे उसके हाथ सौंप देता हूँ । यदि इसे स्वीकार होगा तो उसके साथ विवाह कर लेगी, अन्यथा नहीं ।" मुनि ने यह त्रिलोक का प्रकाश देने वाला सूर्य पतिरुप से स्वीकार है ?" पुत्री ने उत्तर दिया----"तात ! यह तो आग जैसा गरम है, मुझे स्वीकार नहीं । इससे अच्छा कोई वर बुलाइये।" मुनि ने सूर्य से पूछा कि वह अपने से अच्छा कोई वर बतलाये। सूर्य ने कहा----"मुझ से अच्छे मेघ हैं, जो मुझे ढककर छिपा लेते हैं ।"

मुनि ने मेघ को बुलाकर पूछा----"क्या यह तुझे स्वीकार है?" कन्या ने कहा----"यह तो बहुत काला है। इससे भी अच्छे किसी वर को बुलाओ ।" मुनि ने मेघ से भी पूछा कि उससे अच्छा कौन है । मेघ ने कहा, "हम से अच्छी वायु है, जो हमें उड़ाकर दिशा-दिशाओं में ले जाती है" । मुनि ने वायु को बुलाया और कन्या से स्वीकृति पूछी । कन्या ने कहा ----"तात ! यह तो बड़ी चंचल है । इससे भी किसी अच्छे वर को बुलाओ ।" मुनि ने वायु से भी पूछा कि उस से अच्छा कौन है । वायु ने कहा, "मुझ से अच्छा पर्वत है, जो बड़ी से बड़ी आँधी में भी स्थिर रहता है ।" मुनि ने पर्वत को बुलाया तो कन्या ने कहा---"तात ! यह तो बड़ा कठोर और गंभीर है, इससे अधिक अच्छा कोई वर बुलाओ ।" मुनि ने पर्वत से कहा कि वह अपने से अच्छा कोई वर सुझाये । तब पर्वत ने कहा----"मुझ से अच्छा चूहा है, जो मुझे तोड़कर अपना बिल बना लेता है ।" मुनि ने तब चूहे को बुलाया और कन्या से कहा---- "पुत्री ! यह मूषकराज तुझे स्वीकार हो तो इससे विवाह कर ले ।" मुनिकन्या ने मूषकराज को बड़े ध्यान से देखा । उसके साथ उसे विलक्षण अपनापन अनुभव हो रहा था । प्रथम दृष्टि में ही वह उस पर मुग्ध होगई और बोली----"मुझे मूषिका बनाकर मूषकराज के हाथ सौंप दीजिये ।" मुनि ने अपने तपोबल से उसे फिर चुहिया बना दिया और चूहे के साथ उसका विवाह कर दिया ।

# देवगंज में चार साल में भी शुरू नहीं हुई जल जीवन मिशन योजना





मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** केन्द्र सरकार की हर घर जल योजना का काम मैनपुरी में जल निगम के अधिकारियों की लापरवाही के चलते ज्यादातर ग्राम पंचायतो में अधूरा पडा हुआ है। इन्हीं पंचायतो में से सुल्तानगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवगंज है। यहां पर जल जीवन मिशन के तहत कराया गया काम अधूरा पड़ा हुआ है। तीन साल के बाद भी यहां पर पानी की टंकी का निर्माण भी पूर्ण नहीं हो सका है। हर घर पानी पहुंचाने के लिए जल निगम की कार्यदाई संस्था के द्वारा पूरे गांव की गलियों को खोदकर तोड़ दिया गया है। ज्ञात हो कि विकास खंड सुल्तानगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवगंज में बर्ष 2022 में नाममि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य कराने का जिम्मा एनसीसी प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया था, इस संस्था द्वारा हर घर जल योजना के तहत पानी की टंकी और घरो तक जल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने के लिए गलियों की खोदाई कराई गई थी, गांव की सभी गलियों की खोदाई कराकर पानी की पाइपलाइन बिछा दी गई, पाइपलाइन में पानी छोड़े जाने के लिए गांव के बाहर टंकी बनाएं जाने का काम भी शुरू करा दिया गया, तीन साल बाद भी पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। जिस जगह पर पानी की टंकी का निर्माण हो रहा था, वहां पर देखने से लग रहा हैं कि यहां पर दो साल से काम बंद है। टंकी परिसर में काफी बड़ी बड़ी घास जमी दिखाई दे रहीं है।

**पूरे गांव की गलियां पाइपलाइन बिछाने के लिए तोड़कर ऐसे ही छोड़ दी गई**

### जल निगम के अधिकारियों की घोर लापरवाही

देवगंज में हर घर जल योजना के शुरू न होने के पीछे के कारण का पता किया जाएं तो मैनपुरी जल निगम के अधिकारी ही हैं, जिनकी लापरवाही के चलते मैनपुरी जनपद की ज्यादातर पंचायतों में जल जीवन मिशन का काम अधूरा पड़ा हुआ है। जो काम अधूरे पड़े है उन कामों का जिम्मा एनसीसी प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है।

### क्या बोले अवर अभियंता जल निगम

देवगंज में जल जीवन मिशन के तहत काम चल रहा था, लेकिन शासन से बजट न मिलने के कारण कार्य बंद हो गया था, कार्य शुरू करने के लिए शासन से पत्राचार किया गया था, अब शासन से बजट की मंजूरी मिल गई हैं, देवगंज गांव में जल जीवन मिशन का काम जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा।
– जगशीन वर्मा, अवर अभियंता जल निगम मैनपुरी।

# लंबे समय तक निकट संपर्क से फैलता है कुष्ठ रोग

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया कुष्ठ रोग जागरुकता शिविर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कुरावली/मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में क्षेत्र के गांव आठपुरा में विश्व कुष्ठ रोग दिवस के अवसर पर कुष्ठ रोग जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव प्रीती गिरी सहित अन्य द्वारा कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता किया गया।

शिविर में उपस्थित लोगों को कुष्ठ रोग (हैनसेन रोग) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि यह माइकोबैक्टीरियम लेप्री जीवाणु के कारण होने वाला एक धीमा संक्रामक रोग है, जो त्वचा, नसों, आंखों और श्वसन नली को प्रभावित करता है। यह रोग शारीरिक संपर्क से नहीं, बल्कि लंबे समय तक निकट संपर्क में रहने से फैलता है। सचिव ने बताया कि समय पर बहू-औषधि चिकित्सा (एमडीटी) द्वारा इसका पूर्ण इलाज संभव है और यह पूरी तरह से ठीक हो जाता है। विशेष रूप से भारत में सरकारी अस्पतालों में इसका मुफ्त इलाज उपलब्ध है। शिविर में कुष्ठ रोग के लक्षण, कारण, संचरण, उपचार, प्रबंधन और बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई।

### 22 फरवरी को होगा मेगा शिविर का आयोजन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 22 फरवरी को जनपद मैनपुरी में एक बृहद/मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में जनपद के लगभग 43 विभाग भाग लेंगे। इस मेगा शिविर का उद्देश्य लाभार्थियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का त्वरित लाभ प्रदान करना है।

### कानूनी जानकारी भी शिविर में दी जाएगी

इसके अतिरिक्त, शिविर में दहेज एक्ट, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट, पॉश एक्ट, जे.जे. एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971 जैसे विभिन्न कानूनों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जाएगी। महिलाओं के गिरफ्तारी से संबंधित अधिकार, पूर्व गभार्धान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994, तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

# महिला को पीटने के आरोप में तीन के खिलाफ मुकदमा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** सुशीला देवी पत्नी प्रमोद कुमार निवासी महिगँवा ने तहरीर दी कि 23 जनवरी की रात 8 बजे उनके गांव के ही धारा सिंह उर्फ कमलेश पुत्र विद्याराम, लव कुश पुत्र धारा सिंह तथा बबली देवी पत्नी धारा सिंह उनके दरवाजे पर आए और उनका नाम लेकर गाली गलौज करने लगे जब उन्होंने रोकने का प्रयास किया तो उक्त सभी लोगों ने उनके साथ मारपीट की जब उनका बेटा गुलशन तथा सुक मंगल पुत्र दिलीप ने बचाने का प्रयास किया तो सभी ने उनके साथ भी मारपीट की और घायल कर दिया उन लोगों ने जान से मारने की धमकी दी उनके पास मारपीट का वीडियो भी मौजूद है पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस विभाग में सराहनीय काम से याद किए जायेंगे आसिफ परवेज

## - सेवानिवृत्त होने पर सिपाही आसिफ परवेज को दी भावभीनी विदाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**बिछवां/मैनपुरी।** पुलिस विभाग सहित आम लोगो से भी किसी प्रकार का लालच न रखने वाले उर्दू अनुवादक मोहम्मद आसिफ परवेज विभाग में मिसाल बने। उनकी चर्चा पूरे जनपद में नहीं पूरे उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में है। ऐसे ईमानदार कर्मठ इमानदार पुलिस कर्मचारियों की विदाई में सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

उर्दू अनुवादक मोहम्मद आसिफ परवेज जो मूलतय बदायूं के निवासी है। मैनपुरी के विभिन्न थानो में व क्षेत्राधिकारी के ऑफिस मेंतैनात रहे। उनके कार्य कुशलता को लेकर सभी लोग अपने यहां उनकी पोस्टिंग चाहते रहे। मोहम्मद आसिफ परवेज अभी तक अधिकांश कर साइकिल का प्रयोग करतेहैं। नौकरी काल में कई बार उनका एक्सीडेंट हुआ। बिछवा थाना क्षेत्र के गांव अंजनी में एक ट्रैक्टर सवार ने उन्हें टक्कर मारी । मामला पुलिस विभाग का होते हुए भी उन्होंने एक भी रुपया उसे ट्रैक्टर चालक से नहीं लिया। ऐसा एक नहीं कई बार उनके साथ हुआ। उसे ट्रैक्टर चालक को भी तेज तर्रार निवर्तमान थाना अध्यक्ष अमित कुमार जाट से छुड़वाने का पूरा प्रयास किया। अपनी टूटी हुई टांग टूटा हुआ हाथ लेकर गाड़ी में लेट कर थाने पहुंचे। चालक के साथ कोई अभृद्धता ना हो। इसके लिए उसे खुद छुड़ाने पहुंचे। थाने के सभी रजिस्टरों का रखरखाव और पेंडिंग कार्य पूरी ईमानदारी से जीवन भर किया। कुछ तेज सिपाही अपना काम नहीं कर पाते थे आसिफ जी उनका काम भी अपनी कलम से करते रहते थे। उनका विदाई सम्मान समारोह पुलिस लाइन पुलिस ऑफिस में काफी धूमधाम से करायागया। थाना विछवा में भी थाना अध्यक्ष आशीष दुबे ने बड़ी माला पहनकर किया। कार्यक्रम में उनके परिवार के अलावा समाजसेवी औसाफ नबी, डा इकरार खान, डॉक्टर सिराजुद्दीन सावरखान, अशफाक खान, इस्लामखान, मुन्नाखान, मौलवी मतलूम खान, अखंड प्रताप, जितेंद्र प्रताप, अवनीश शाक्य, शशिकांत दुबे, विवेक राठौर, विष्णु मिश्रा, के अलावा सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मैनपुरी में नौ माह की मासूम समेत सर्दी से दो की मौत

## जिला अस्पताल में इलाज कराने को उमड़ी मरीजो की भीड़

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**मैनपुरी।** बीते चार दिन पहले हुई बारिश के बाद से ठंड का प्रकोप जारी है। मैनपुरी जनपद में पिछले 24 घंटों के भीतर, नौ माह की एक मासूम बालिका और 57 वर्षीय एक व्यक्ति की निमोनिया के कारण मौत हो गई। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में भी मरीजो की भीड़ देखने को मिली।

कस्बा भोगांव के बड़ा बाजार निवासी राहुल कुमार की नौ माह की पुत्री आंशी पिछले दो दिनों से सर्दी-खांसी से पीड़ित थी। निजी डॉक्टर से जांच कराने पर उसे निमोनिया होने की बात सामने आई थी। शुक्रवार रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कुर्रा क्षेत्र के गांव रामपीछा निवासी 57 वर्षीय किसान रामअवतार सिंह को भी पिछले कुछ दिनों से सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। निजी चिकित्सक को दिखाने पर निमोनिया की पुष्टि हुई थी। शुक्रवार शाम उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें भी जिला अस्पताल लाया गया, जहां जांचोपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित 736 मरीजों ने पंजीकरण कराया और उपचार लिया। इनमें 300 से अधिक मरीज बुखार, पेट दर्द, सांस संबंधी समस्याएं, निमोनिया, खांसी-जुकाम और सर्दी से ग्रसित पाए गए। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों ही मृतक मरीजों को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। बताया कि पिछले कुछ दिनों में निमोनिया और अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, जिनमें 18 मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि तीन गंभीर मरीजों को हालत बिगड़ने पर रेफर किया गया है।

चिकित्सकों के अनुसार, निमोनिया के प्रमुख लक्षणों में कंपकंपी के साथ तेज बुखार, लगातार खांसी, सांस तेज चलना या फूलना, गहरी सांस लेने या खांसने पर छाती में तेज दर्द, अत्यधिक कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द, होंठ या नाखून का नीला पड़ना और मानसिक स्थिति में बदलाव या सुस्ती शामिल हैं।

### बचाव के उपाय

**टीकाकरण**- न्यूमोकोकल और फ्लू के टीके लगवाएं, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए।
**गरम कपड़े**- शरीर को गर्म रखने के लिए स्वेटर, टोपी, मोजे और स्कार्फ का प्रयोग करें।
**स्वच्छता**- हाथों को बार-बार साबुन से धोएं और सैनिटाइजर का प्रयोग करें।
**भाप लेना**- बंद नाक और गले की जकड़न कम करने के लिए भाप लें।
**प्रदूषण से बचाव**- धुएं और प्रदूषण से फेफड़ों को सुरक्षित रखें।
**खान-पान**- विटामिन सी से भरपूर फल, सब्जियां और गर्म तरल पदार्थ (जैसे सूप, चाय) का सेवन करें।
**संपर्क से बचें**- बीमार लोगों के सीधे संपर्क में आने से बचें।
**आराम और व्यायाम**- नियमित हल्का व्यायाम करें और पर्याप्त नींद (7-9 घंटे) लें।

# कुसमरा में सरकारी जमीन हड़पने की साजिश का पदार्फाश

## डीएम के आदेश पर दो के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** शासकीय वेश कीमती भूमि को हड़पने के लिए कूट रचित राजस्व अभिलेख तैयार करने, फर्जी आदेश चढ़बाने, धोखाधड़ी, आपराधिक खड्यंत्र एवं न्यायालय को गुमराह करने पर पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर पंचायत कुसमरा के अंतर्गत आने वाली गाटा संख्या 1311 और 1312 जमीन जिसका रकबा करीब 11 बीघा है का अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। इस जमीन पर बारात घर निर्माण करने के लिए शासन द्वारा रुपए 298 लाख 46000 बजट स्वीकृत किया गया था। और कार्यदाई संस्था सी एन्ड डीएस द्वारा मौके पर 5 जुलाई 2025 को निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया और लगभग 20 प्रतिशत काम पूरा भी हो गया। इसी बीच पता चला कि सुरेंद्र सिंह पुत्र रसाल सिंह तथा नरेंद्र सिंह पुत्र मेहरबान सिंह निवासी गण उजागरपुर कुसमरा द्वारा सोची समझी साजिश के तहत चकबंदी के संबंध में समस्त अभिलेख तैयार किये गए एवं धारा 52 में प्रकासन के पश्चात वेश कीमती शासकीय भूमि हड़पने के उद्देश्य से जोत चकबंदी आकार पत्र 11 पर फर्जी कूट रचित अमलदरामत अंकित कराकर सरकारी भूमि हड़पने का प्रयास किया गया। इसी कारण प्रकरण की गहनता से जांच कराई गई। तहसीलदार किशनी द्वारा 31 दिसंबर को दी आख्या में उक्त जमीन बंजर बताई गई। उक्त जमीन पर एक वाद गंगा देवी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य सरकार दायर किया गया था जिसमें वादिनी की ओर से कोई पैरवी नहीं करने पर तथा सच के अभाव में उक्त वाद को निरस्त कर दिया गया था। नगर पंचायत द्वारा की गई शिकायत में कहा गया की अभिलेखों में जो भी अमलदरामत कराए गए थे वह नितांत फर्जी अंकित कराए गए थे। इस एक मामले की एसडीएम किशनी द्वारा जांच की गई और अब लिखो में फर्जी कूट रचना पाई गई। इसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डबल मर्डर में पुलिस के लिए फिंगरप्रिंट अहम सावित होंगे

## - मामले के खुलासे के लिए काम कर रहीं पुलिस की तीन टीमें

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** बरनाहल थाना क्षेत्र के गांव फूलापुर में हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस के शक के दायरे में अब तक कोई नहीं है, मगर कोई बाहर भी नहीं है। हत्या के मामले में मौके से मिले फिंगरप्रिंट पुलिस के लिए अहम साबित हो सकते हैं। एसपी ग्रामीण ने शुक्रवार को फोरेंसिक टीम के साथ गांव पहुंच कर जानकारी जुटाई। वहीं, पुलिस की कार्रवाई हत्याकांड की गुत्थी जल्द सुलझने के संकेत दे रही है। हालांकि चार दिन के बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के हाथ खाली हैं।

ज्ञात हो कि बरनाहल थाना क्षेत्र के गांव फूलापुर के रहने वाले किसान महेश चंद्र और पत्नी अनीता के शव बीते मंगलवार की सुबह घर के अलग-अलग कमरों में चारपाई व तख्त पर पड़े मिले थे। दोनों की हत्या सिर में गोली मार कर की गई थी। इस घटना के बाद डीआईजी शैलेश पांडेय ने भी गांव पहुंच कर जानकारी ली थी, साथ ही पुलिस को जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। घटना को हुए पांच दिन बीत चुके हैं, मगर खुलासे के नाम पर पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। न तो कोई गिरफ्तारी हो सकी है, न हीं लूट को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकी है। पुलिस के शक के दायरे में अब तक कोई नहीं है, मगर कोई बाहर भी नहीं है। एएसपी ग्रामीण राहुल मिठास शुक्रवार को फोरेंसिक टीम के साथ गांव फूलापुर पहुंचे और मृतकों के परिजन से बात की, टीम के साथ काफी देर तक घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, अधिकारी भी खुलासे को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं कर रहे हैं, मगर, संकेत मिले हैं कि जल्द ही दोहरे हत्याकांड का खुलासा हो सकता है। पुलिस को मौके से मिले अहम सुरागों की जांच तेजी के साथ जारी है, वहीं संदिग्धों पर भी नजर बनाए हुए है। पुलिस की जांच के बीच यह भी पता चला है कि गांव में प्रवेश करने के दौरान एक सीसीटीवी लगा है, वहीं, गांव में दो अन्य स्थानों पर भी सीसीटीवी लगे हुए हैं। पुलिस ने तीनों के फुटेज बारीकी से खंगाले हैं और कब्जे में लिए हैं। जो भी संदिग्ध नजर आ रहा है, उससे गहनता के साथ पूछताछ की जा रही है। एएसपी ग्रामीण की मानें तो अब तक 50-60 संदिग्धों से पूछताछ की जा चुकी है।

### जो भी है घर के बारे में काफी कुछ जानता था

गांव फूलापुर में दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले दो लोग या उससे अधिक भी हो सकते हैं। पुलिस की अब तक की जांच जिस दिशा में चल रही है, उसके अनुसार जो भी घटना में शामिल है, वह घर और उसमें रहने वाले लोगों के बारे में काफी कुछ जानते थे। या शायद उन्हें किसी ने घर व उसमें रहने वाले लोगों के बारे में बताया था, जो भी है, पुलिस अब अपराधी से ज्यादा दूर नहीं है।

### पुलिस के लिए अहम सुराग बन सकते हैं मददगार

गांव में प्रवेश करने वाले रास्ते व गांव में लगे तीन सीसीटीवी। मौके से मिले फिंगरप्रिंट का संदिग्धों से मिलान होना, अगर वह डैड न हुए हों। अब तक 50-60 संदिग्धों से हुई पूछताछ में घटनास्थल को लेकर मिलीं जानकारियां।

# शहीद रज कलश यात्रा निकाल परिजनों को किया सम्मानित

**मोर्निंग सिटी संवाददाता, मैनपुरी/बेवर।** शहीद दिवस के अवसर पर मिशन अमर शहीद अमर जवान के तहत विकसित समाज सेवा समिति द्वारा शहीद मेला मंच पर शहीद परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम पश्चात शहीद स्मृति राष्ट्र भोज आयोजन में लोगों भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सुबह क्षेत्र के शहीद स्थलों ग्राम घुटारा, फतेहगढ़ी, नगला केहरी, सराय चक गोविन्देपुर, रायपुर, खिरिया, रुहेला, करुआमई आदि से रज कलश यात्रा सुभाष पार्क पहुंची जहां नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि, शहीद स्मारक पर शहीदों की समाधि पर पुष्पांजलि शहीद मेला पहुंची जहां शहीद परिजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजक मंडल द्वारा शहीदों के परिजनों विवेक त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, कांति देवी, ललित यादव, तारिक, शिवराज सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र यादव, प्रदीप, ओंकार सिंह, श्रवण कुमार, वेदराम, नवीन यादव आदि को प्रतीक चिह्न भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में बोलते हुए भिंड मध्यप्रदेश से आए सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि आयोजकों द्वारा मिशन के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति जगाने का काम किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुवक्श सिंह ने संचालन सुभाष आचार्य ने किया। इस मौके पर मुख्य संयोजक मनोज यादव, सभासद राघवेंद्र दुवे उर्फ लला, धर्मेंद्र अज्ञानी, सुभाष आचार्य, रजनीश यादव, इंद्रपाल यादव, हरकेश यादव आदि मौजूद रहे।

# बिजली राहत योजना मे उमडी लोगो की भीड

**मोर्निंग सिटी संवाददाता, भोगांव/मैनपुरी।** प्रदेश सरकार द्वारा विधुत उपभोक्ताओ के लिये चलाई जा रही विजली बिल राहत योजना के दूसरे चरण मे अन्तिम दिन विधुत उपभोक्ताओ ने अपने अपने रजिस्ट्रेशन करवाकर लाखो का राजस्व जमा कराया। विधुत उपखण्ड अधिकारी महेश प्रभाकर ने बताया कि शासन के निर्देशन पर दो माह से चलाये जा रही विजली बिल राहत योजना मे 85 बकाया विधुत उपभोक्ताओ ने रजिस्ट्रेशन करवाकर 9 लाख रुपए जमा किये गये। उन्होने बताया कि अव एक फरवरी योजना का तीसरा चरण शुरू होगा जिसमे मूल बकाया का 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उन्होनें बताया कि विजली चोरी मे जो राशि तय की गई थी उसमे 40 प्रतिशम की छूट दी जायेगी। उन्होने विधुत उपभोक्ताओ से योजना मे अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर आदेश चतुवेर्दी, धर्मेन्द्र कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# देवगंज में बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए भवन ही नहीं

## विद्यालय भवन जर्जर होने पर तोड़ दिया गया, नए भवन का निर्माण नहीं

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** विकास खंड सुल्तानगंज की ग्राम पंचायत देवगंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय का भवन जर्जर हो जाने पर शिक्षा विभाग ने भवन को कंडम घोषितकर तुड़वा दिया, अब उच्च प्राथमिक विद्यालय के नए भवन का निर्माण कार्य दो साल बाद भी शुरू नहीं हो सका है। उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चे गांव के ही पंचायत भवन में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। एक ही भवन में कक्षा 6,7,8 के बच्चे बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे है। बच्चों को एक ही भवन की बजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विकास खंड सुल्तानगंज के गांव देवगंज में करीब दो साल पहले संचालित होने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय का भवन काफी ज्यादा जर्जर अवस्था में हो गया था, जिसके जर्जर होने पर भवन कभी धरासाई हो सकता था, जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ था, ग्रामीणों की शिकायत पर शिक्षा विभाग द्वारा भवन को कंडम घोषित कर दिया, जिसको तोड़कर मलवा हटा दिया गया, नए भवन के निर्माण के लिए भूमि को खाली करवा दिया गया। इस भूमि पर नए भवन का निर्माण कार्य होना था, जिससे कि बच्चे बैठकर शिक्षा ग्रहण कर सकें।

देवगंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन को तुड़वाकर नए भवन का निर्माण कराना शिक्षा विभाग के अधिकारी भूल गए, शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते ही विद्यालय के बच्चे पंचायत सचिवालय के भवन में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इससे ग्राम पंचायत के काम भी प्रभावित हो रहे है।

### पंचायत सचिवालय में एक साथ तीन क्लास संचालित

गांव में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र संख्या करीब 100 है। कक्षा 6,7,8 तीनो क्लास के बच्चे ही कमरे में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे है। एक ही क्लास में बैठे होने पर बच्चों को भी परेशानी हो रहीं है। क्यो एक क्लास की पढ़ाई चल रहीं है। तब दूसरे क्लास के बच्चे हल्ला कर रहे है। जिससे पढ रहे बच्चो की पढ़ाई भी प्रभावित हो रहीं है।

### क्या बोले एबीएसए

देवगंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय का भवन तुड़वा दिया गया था, नए भवन के निर्माण के लिए शासन से पत्राचार किया गया था, भवन के निर्माण के लिए अब जल्द ही स्वीकृति मिलने वाली हैं, भवन की स्वीकृति मिलने के साथ ही भवन का निर्माण करा दिया जाएगा।
– सर्वेश यादव, खंड शिक्षा अधिकारी।

# अज्ञात चोरों ने निजी नलकूप का ट्रांसफार्मर किया क्षतिग्रस्त

## विद्युत विभाग की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**भोगांव/मैनपुरी।** क्षेत्र में सरकारी संपत्ति और विद्युत उपकरणों को नुकसान पहुंचाने वाले शरारती तत्वों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामले में, शांति नगर कस्बा निवासी एक महिला के निजी नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मर को अज्ञात व्यक्तियों ने निशाना बनाया। विद्युत विभाग की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विद्युत उपखंड भोगांव में तैनात अवर अभियंता ताराचंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शांति नगर कस्बा निवासी दर्शन देवी पत्नी राम प्रकाश के नलकूप संचालन के लिए विभाग द्वारा हाई लाइन टेंशन लाइन से जोड़कर एक ट्रांसफार्मर लगाया गया था। शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात अज्ञात अराजक तत्वों ने इस लाइन के तार काट दिए। इतना ही नहीं, बदमाशों ने ट्रांसफार्मर को पोल से खोलकर जमीन पर गिरा दिया, जिससे वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें भरा सारा कीमती तेल बहकर नष्ट हो गया। विद्युत विभाग को शनिवार सुबह घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद जेई ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि विद्युत उपकरणों के साथ छेड़छाड़ और चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# आगरा पुलिस कमिश्नरेट द्वारा हाल ही में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर पैदल गश्त की गई है

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** यमुनापार इलाके से रंगबाजी के सफाये के लिए पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के उन्हें निर्देश दिए गए कि जल्द ही यमुनापार की चिह्नित गलियों में पुलिस का पैदल मार्च कराया जाए शनिवार को करीब 500 पुलिसकर्मी रोड पर पैदल गस्त करते हुए जनता से रूबरू हुए उनको एक पर्ची दी गई जिस पर सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर लिखा हो लोगों को भरोसा दिलाया जाए कि सूचना देने वालों के नाम गोपनीय रखे जाएंगे पैदल गश्तः आगरा पुलिस द्वारा संवेदनशील इलाकों, बाजारों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों व भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई अधिकारियों का नेतृत्वः इस गश्त का उद्देश्य जनता में सुरक्षा का भाव जगाना और अपराधियों में कानून का भय पैदा करना है उ्ढ के निर्देश पर, विशेष रूप से और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मुस्तैदी बढ़ाई गई है लेकिन शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस फोर्स ट्रांस यमुना क्षेत्र मे निरंतर तैनात किया जा रहा हे पुलिस अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा का लिया जायजा दीपक कुमार के निर्देशन में शनिवार देर शाम जिले के थानाधिकारियों के नेतृत्व में थानों की पुलिस टीमों ने अपने इलाके के बाजार व अन्य भीड़भाड़ के इलाकों में पैदल गश्त की पुलिस अधिकारियों ने लोगों को सुरक्षा भरोसा दिलाते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश दिया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर राम बदन सिंह,डीसीपी पश्चिम अतुल शर्मा, डीसीपी पूर्व अभिषेक कुमार अग्रवाल,डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास, शनिवार को देर शाम ट्रान्स यमुना थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह व करीब 500 पुलिसकर्मियों के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में अपने इलाके के बाजार व अन्य भीड़भाड़ के इलाकों में पैदल गश्त की। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को सुरक्षा भरोसा दिलाते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश दिया पैदल गश्त के दौरान सभी जगहों पर पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। थाना प्रभारी हरेंद्र व अन्य ने लोगों से परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की बात कही, जिससे समस्या का समाधान किया जा सके। पैदल गश्त के दौरान पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर तलाशी भी की उ्ढ ने बताया है कि थाना क्षेत्र में पैदल गश्त के दौरान मुख्य बाजारों व अन्य भीड़भाड़ के इलाकों में दुकानदारों व आम लोगों से सीधा संवाद किया। गश्त का उद्देश्य जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूती देना व अपराधियों पर निगरानी बनाए रखना रहा। पुलिसकर्मियों की टीम ने पैदल गश्त की।

## पुलिस ने पैदल गश्त कर लोगों को कराया सुरक्षा का एहसास

आगरा पुलिस ने रविवार को थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में पैदल गश्त की सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की ओर से करीब 500 पुलिसकर्मियों द्वारा गश्त की गई। इसके तहत मुख्य मार्गों, गलियों, बाजारों व अन्य भीड़ वाले महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस गई थाना ट्रांस यमुना कॉलोनी से 100 फूटा रोड से टेढ़ीबगिया,जलेसर रोड चौक, जीवन नगर, बम्बा रोड, अबेड़कर पार्क,से गुलाब नगर,नगला रामबल,फाउंड्री नगर, दुर्गा नगर, नारायच, ट्रान्स यमुना कॉलोनी, रामबाग, सीता नगर,तक गश्त की थाना प्रभारी टॉन्स यमुना कॉलोनी रोहित सिंह, टेढ़ीबगिया चौकी प्रभारी, प्रवीन चौधरी, थाना एत्माददोल्ला प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे, अउढ छत्ता शेषमणि,भी टीम के साथ मौजूद रहे क्षेत्र वासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही लोगों से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ रहें व पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने व किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अविलंब संबंधित अधिकारी के मोबाइल नंबर या थाना व चौकी पर अवगत कराने का सुझाव दिया किसी भी त्योहार में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस को सक्रिय रहने के साथ-साथ जहां पर महिलाओं की भीड़ अधिक हो, वहां पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती करने का निर्देश दिया। क्षेत्र में पूर्ण रूप से सतर्कता बरतने व बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की निरन्तर चेकिंग करने के लिए निर्देशित किया।

## मशाल जलाकर आंदोलन जारी रखने की ली शपथ



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं सवर्ण संगठनों ने यूजीसी रेगुलेशन एक्ट 2026 के विरोध में मशाल जलाकर आंदोलन जारी रखने की शपथ ली। प्रस्तावित मशाल जुलूस के अवसर पर पदाधिकारियों ने धर्म समाज महाविद्यालय पर पहुंचकर माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने पर आभार व्यक्त किया। वहीं सांकेतिक मशाल जलाकर आंदोलन में सहयोग देने वालों को धन्यवाद दिया, इसे जारी रखने की शपथ ली।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र पाल सिंह ने कहा कि हिंदुओं को आपस में लड़ाने वाला कानून देश पर थोपा जा रहा है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित शिब्बो ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। मण्डल अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह ने कहा कि यह लड़ाई शिक्षा और छात्रों के भविष्य की है। हम अपना मांग पत्र जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार तक भेजेंगे। जेसी शर्मा ने कहा कि अगला न्यायिक निर्णय आने तक यह आंदोलन सांकेतिक रूप से चलता रहेगा, कोई भी उग्र प्रदर्शन नहीं किया जाएगा।किसान मजदूर संगठन के बंटी जादौन ने कहा कि सरकार हमारी है और सरकार को हमारी बात सुनाई पड़ेगी। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि विरोधात्मक कार्यक्रम फिलहाल स्थगित हैं, लेकिन नुक्कड़ बैठकों, जनसंवाद और जागरूकता अभियान लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा।

कार्यक्रम में अरविंद पंडित, भावना चौहान, स्नेहलता चौहान, कविता राघव, अनीता सिंह, मीरा जादौन, धीरू पहलवान, युवराज सिंह, चेतन राणा, संदीप चौहान, बंटी जादौन, घनश्याम सिंह, जलज सिंह, प्रमोद चौहान, कपिल कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, सुमित ठाकुर, सुनील जादौन, सुनील कुमार सिंह, अणिमा सिंह, अनामिका सिंह, प्रीति सिंह, प्रेमलता सिंह, यश जादौन, ललित सेंगर, रेखा राजपूत, अनुपमा, कीर्ति सिंह, नीता पोरवाल, कल्पना सेंगर, उपमा सोलंकी, सारिका, मीणा खन्ना, रेखा शर्मा, हिना, सीमा सिंह, प्रतिमा सिंह, नीरू सिंह आदि मौजूद रहीं।

# यूजीसी पर मैथिल ब्राह्मण महासभा ने सौंपा ज्ञापन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** मैथिल ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी के नवीन नियमों के विरोध में प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम संबोधित दो ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी संतोष गर्ग को सौंपे।

महासभा के प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा भैयाजी ने कहा कि यूजीसी के नवीन नियम देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था, योग्यता आधारित चयन प्रणाली तथा संविधान में निहित समान अवसर की भावना पर सीधा प्रहार हैं। सेवाराम शर्मा ने कहा कि ये नीतियां शिक्षा में उत्कृष्टता और शोध को मजबूत करने के बजाय मेधावी विद्यार्थियों, विशेषकर सामान्य वर्ग के छात्रों, के भविष्य को अंधकारमय बना रही हैं। महेंद्र पाल शास्त्री ने चयन व नियुक्तियों में संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 की भावना के उल्लंघन का आरोप लगाया। जवाहर लाल शर्मा ने कहा कि सीमित अवसरों में सामान्य वर्ग के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के साथ घोर अन्याय हो रहा है। प्रदीप शर्मा ने कहा कि योग्यता की अनदेखी से विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता और वैश्विक साख को गंभीर क्षति पहुंचेगी। रामप्रकाश शर्मा ने विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त होने पर चिंता जताई। विजय प्रकाश वत्स ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र की आत्मा है और शिक्षा में अन्याय होने से देश का भविष्य प्रभावित होगा। महासभा ने मांग की कि यूजीसी के नवीन नियम तत्काल स्थगित किए जाएं, पुनरीक्षण समिति गठित की जाए और सामान्य वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के हितों की ठोस संवैधानिक सुरक्षा की जाए। इस मौके पर बसंत कुमार शर्मा, एड. ओमप्रकाश शर्मा, रामगोपाल शर्मा, पूनम शर्मा, एड. अनुराग पाराशर, प्रभा शर्मा, एड. गोपाल मिश्रा, अजय कुमार शर्मा, अमन भारद्वाज, हरीश कुमार शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, राजेंद्र कुमार पाठक, सोनदेव शर्मा, राजकुमार शर्मा (राजू पंडित), विजय कुमार शर्मा (बिट्टू), लेखराज शर्मा (बॉबी), डॉ. वीरेंद्र शर्मा (बंटी) आदि मौजूद रहे।

# पीएम सूर्य घर योजना: सोलर पैनल की प्रगति पर समीक्षा बैठक

## सीडीओ ने वेंडरों और विद्युत अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**इटावा।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल स्थापना की प्रगति की समीक्षा के लिए विकास भवन के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतम ने की।

सीडीओ ने सोलर वेंडरों से योजना के तहत लगाये गए पैनलों की प्रगति पर जानकारी ली और निर्देश दिए कि जिन घरों के लोन पास हो चुके हैं, वहां जल्द से जल्द सोलर पैनल स्थापित किए जाएं। साथ ही बिजली मीटर लगाने वाली कंपनी जीनस को निर्देशित किया गया कि सोलर पैनल लगे घरों में प्राथमिकता के आधार पर मीटर लगाए जाएं और समय पर बिलिंग शुरू हो, ताकि उपभोक्ताओं को समय से लाभ मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने बिजली विभाग के धिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन में आवश्यक संशोधन समय से किए जाएं, ताकि घरों पर सोलर पैनल स्थापित करने में कोई बाधा न आए और सरकार की ग्रीन एनर्जी योजना सफल हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सोलर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ लेकर अपने विद्युत भार को कम करें और बिजली के लिए सरकार पर निर्भरता घटे। बैठक में परियोजना अधिकारी प्रिया शर्मा, हनुमान प्रसाद अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम, द्वितीय और तृतीय, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बनवारी सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी, एसडीओ जसवन्तनगर, खंड विकास अधिकारी एवं जनपद के समस्त पीएम सूर्य घर के वेंडर उपस्थित रहे।

## पत्रों तक पहुंचाएं लाभार्थीपरक योजनाएं- ओपी राजभर

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। मंत्री पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ओम प्रकाश राजभर ने सर्किट हाउस सभागार में पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के जनपदीय व मण्डलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने कहा कि भारत ग्रामों में बसता है, ऐसे में ग्रामों में स्वच्छता कार्यक्रमों का धरातल पर पूरी पारदर्शी तरीके के क्रियान्वित होना महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री ने लाल किले से शौचालय की बात की तो विरोधियों ने इसे मजाक बताया। यह आप सभी के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज 90 प्रतिशत से अधिक लोग शौचालयों का उपयोग कर रहे हैं। कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाएं।

## गीला-सूखा कूड़ा अलग करने से शहर होगा स्वच्छ

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** नगर निगम द्वारा शहर में कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वच्छता व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने गीले एवं सूखे कूड़े के पृथक्करण पर जोर दिया है, जिससे न केवल स्वच्छता बढ़ेगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम द्वारा लगाए गए मानक डस्टबिनों में गीले कूड़े एवं सूखे कूड़े के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। इससे नागरिकों को कचरा अलग-अलग डालने में सुविधा हो रही है और कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण संभव हो पा रहा है। गीला-सूखा कूड़ा पृथक होने से कचरा सड़क पर बिखरने से रुकता है, दुर्गंध और गंदगी कम होती है और आवारा पशुओं के कचरे तक पहुंचने की समस्या भी नियंत्रित होती है। साथ ही मच्छर व अन्य रोगवाहक कीटों के पनपने पर प्रभावी रोक लगती है। नगर निगम का कहना है कि कचरा पृथक्करण व्यवस्था ह्यजीरो वेस्ट सिटीह्न की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, इस व्यवस्था में सहयोग करें, जिससे जिले को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाया जा सके।

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान, बांटे हेलमेट

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** संभागीय परिवहन कार्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कृष्णपाल सिंह लाला भाजपा जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, बस, ट्रक एवं ऑटो यूनियन के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी रहे।सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले एनजीओ, एनसीसी, एनएसएस, सिविल डिफेंस, राहवीर एवं रोड सेफ्टी क्लब से जुड़े स्वयंसेवकों को हेलमेट वितरित कर सम्मानित किया गया। कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही सुरक्षित यातायात किया जा सकता है। छोटी- छोटी सावधानियां अनेक अनमोल जीवन बचा सकती हैं। प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई।

## यमुना में उतराता मिला 22 वर्षीय युवती का शव, शिनाख्त नहीं, जांच में जुटी पुलिस

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना नगला सिंघी क्षेत्र में शुक्रवार को यमुना नदी में एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खेतों की रखवाली कर रहे एक किसान ने यमुना में शव को उतराते हुए देखा, जिसके बाद उसने आसपास के ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र करीब 22 वर्ष बताई जा रही है। युवती ने हल्के नीले रंग की जींस, आसमानी रंग की टी-शर्ट तथा नारंगी रंग का स्टॉल पहन रखा था। उसके हाथ में कलावा बंधा हुआ है। मौके पर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आसपास के थानों और जिलों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच की जा रही है, ताकि मृतका की पहचान हो सके। प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी। यमुना में युवती का शव मिलने की खबर से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# कैशलैस चिकित्सा सुविधा लागू होने से शिक्षा जगत में हर्ष , शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सरकार के निर्णय का किया स्वागत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**अलीगढ़।** अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं संस्कृत शिक्षा परिषद के मान्यता प्राप्त स्ववित्तपोषित विद्यालयों के शिक्षकों और माध्यमिक शिक्षा विभाग के राजकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मानदेय पर कार्यरत व्यावसायिक शिक्षा के विशेषज्ञों एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को सरकारी चिकित्सालयों के अलावा निजी चिकित्सालयों में भी आईपीडी उपचार की कैशलेस सुविधा प्रदान की गयी है। शिक्षा जगत के लिए लागू इस योजना में प्रतिवर्ष 448 करोड़ की प्रीमियम राशि सरकार द्वारा वहन की जाएगी। यह बातें सदस्य विधान परिषद डा. मानवेंद्र प्रताप सिंह ने सर्किट हाउस में कहीं।

शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं शिक्षकगणों द्वारा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया गया। कहा कि वर्तमान सरकार सदैव ही जनसामान्य के साथ ही संपूर्ण शिक्षक समाज की हितैषी रही है। शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में उठाए गए इस जन हितैषी कदम से शिक्षकगण सदैव उनके आभारी रहेंगे। डा. मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षकों की वर्षों से चली आ रही मांग को मुख्यमंत्री द्वारा पूरा किए जाने से संपूर्ण शिक्षक समाज राहत महसूस कर रहा है। कहा कि सूचीबद्ध निजी व सरकारी चिकित्सालयों में 5 लाख तक की कैश-लैस चिकित्सा सुविधा का लाभ ले सकेंगे। जिसका लाभ लेने के लिए लाभार्थियों और उनके परिवार से जुड़ा संपूर्ण विवरण प्रत्येक वर्ष 30 जून तक उपलब्ध कराना होगा।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह लाला, नीरज शर्मा प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा, डा. राजेश चौहान जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, जितेंद्र प्रताप महानगर अध्यक्ष वित्त विहीन विद्यालय प्रबंध महासभा, पवन शर्मा प्रभारी आगरा शिक्षक खण्ड, पुष्पेंद्र पचौरी शिक्षक प्रकोष्ठ सह संयोजक भाजपा, डा. विपिन वार्ष्णेय मण्डलीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद, डा. एमपी सिंह सह संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ ब्रज प्रांत भाजपा, राधेश्याम शर्मा संरक्षक उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, वीरेश कुमार, हरिकेश कुमार शर्मा, आलोक शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, बिल्लू सिंह, सुरभि राज पवार, गुलाम रजा, रमेश चंद्र, मसूद आलम,जुगल किशोर, कमल सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## आगरा को मिला नया मंडलायुक्त, शैलेंद्र कुमार हुए सेवानिवृत्त मथुरा में सीडीओ और फिरोजाबाद में नगर आयुक्त बदले

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** आगरा मंडल में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव हुआ है। मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार शुक्रवार 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए। उनके स्थान पर यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेंद्र प्रताप को आगरा का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही शासन ने मथुरा और फिरोजाबाद में भी महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर बदलाव किए हैं। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शनिवार को छह आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। आगरा में मंडलायुक्त के पद पर शैलेंद्र कुमार के रिटायर होने के बाद नगेंद्र प्रताप को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं फिरोजाबाद में प्रशांत नागर को नगर आयुक्त एवं उपाध्यक्ष फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण नियुक्त किया गया है। मथुरा के मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के पद पर तैनात किया गया है। उनके स्थान पर गाजियाबाद की संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. पूजा गुप्ता को मथुरा की नई मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के उपसचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव को मुख्य विकास अधिकारी, मऊ के पद पर नियुक्त किया गया है।

# पुलिस आयुक्त ने किया चौकी पृथ्वीनाथ का उद्घाटन, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी जनसेवा और पुलिसिंग

मॉर्निंग सिटी संवाददाता






**आगरा।** पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट दीपक कुमार (आईपीएस) के निर्देशन में आगरा पुलिस के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी व जनहितकारी बनाने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना शाहगंज की नवीनीकृत एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित चौकी पृथ्वीनाथ का पुलिस आयुक्त द्वारा फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त पश्चिमी, पुलिस उपायुक्त पूर्वी, अपर पुलिस उपायुक्त/सहायक पुलिस आयुक्त हरीपर्वत, प्रशिक्षु आईपीएस अभय राजेन्द्र डागा, सहायक पुलिस आयुक्त छत्ता, लोहामण्डी, कोतवाली, सदर, ताजसुरक्षा सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, सैनिक रेसिडेंशियल एकेडमी के छात्र-छात्राएं, स्थानीय गणमान्य नागरिक, महिलाएं एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पुलिस आयुक्त के निर्देशन में कमिश्नरेट के विभिन्न थानों और चौकियों का लगातार नवीनीकरण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में चौकी पृथ्वीनाथ को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया गया है। चौकी परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, डिजिटलीकृत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, आधुनिक आगंतुक कक्ष, चौकी प्रभारी कक्ष, बैरक तथा नागरिक हितैषी अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे पुलिसकर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी बेहतर सुविधा मिल सके। उद्घाटन के बाद पुलिस आयुक्त ने स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ जनसंवाद किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और नागरिक हितैषी व्यवस्थाओं से युक्त पुलिस चौकियां पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और प्रभावी बनाएंगी। इससे आमजन की सुरक्षा, सुविधा और त्वरित न्याय तक पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी। पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास व समन्वय को बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त द्वारा स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों एवं महिलाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने संदेश दिया कि पुलिस चौकियों का आधुनिकीकरण और पुलिस कर्मियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना कमिश्नरेट आगरा की प्राथमिकता है। यह न केवल पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ाएगा, बल्कि जनता को त्वरित और प्रभावी सेवा उपलब्ध कराने में भी सहायक होगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि थाना शाहगंज की चौकी पृथ्वीनाथ का नवीनीकरण पुलिस कर्मियों को अधिक सुविधा और ऊर्जा प्रदान करेगा, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक दक्षता व समर्पण के साथ कर सकेंगे। कमिश्नरेट आगरा पुलिस बल के सशक्तिकरण और जनसेवा की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

## छोटी खबरें

### जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य योजनाओं की मासिक समीक्षा कर दिए निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अतुल वत्स ने अधिकारियों को मरीजों को बेहतर व समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पोलियो अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर देते हुए कहा कि जन्म से पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे। इसके लिए ईंट-भट्ठों, दूर-दराज क्षेत्रों, प्रवासी परिवारों व मलिन बस्तियों पर विशेष ध्यान देने को कहा। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकताओं को घर-घर जाकर टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में ओपीडी, आईपीडी, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत, नियमित टीकाकरण, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, एंबुलेंस सेवाओं सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अस्पताल में जन्मे बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र तत्काल जारी करने तथा भर्ती मरीजों का विवरण समय से अपडेट करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मरीजों की पहचान, उपचार व पोषण सहायता समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, लापरवाही पर कार्रवाई तथा अच्छा कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### लाडपुर में आज होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** रविवार को लाडपुर में सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम वाष्णेय शीतगृह के प्रांगण में दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी देवस्वरूपानन्द सरस्वती महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरिगढ़ विभाग प्रचारक गोविंद होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकता और समरसता स्थापित करना है, जिसके लिए जात-पांत की करो विदाई, हम सब हिन्दू भाई-भाई का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के समापन के बाद विशाल प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजकों ने सभी हिन्दू समाज के लोगों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### जिला एड्स समन्वय समिति की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला एड्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अतुल वत्स ने एचआईवी/एड्स कार्यक्रम के सुचारु संचालन के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी रिपोर्ट समय से पोर्टल पर अपडेट की जाएं तथा आउटरीच माइक्रोप्लान अनिवार्य रूप से जमा हों। उन्होंने एचआईवी/एड्स मामलों के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाने, ब्लॉक स्तर पर नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने तथा एचआईवी की पुष्टि के सात दिवस के भीतर शत-प्रतिशत एआरटी पंजीकरण कराने पर जोर दिया।उन्होंने कमजोर प्रदर्शन वाले ब्लॉकों व कार्मिकों की जवाबदेही तय करने, स्वास्थ्य विभाग, एनजीओ व फील्ड स्टाफ के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा कार्यक्रम की निरंतर निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आज होगा विशाल हिंदू सम्मेलन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** सनातनी हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन 1 फरवरी रविवार को पुष्पांजलि गेस्ट हाउस, मुरसान गेट हाथरस में किया जाएगा। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। समिति अध्यक्ष मुकेश दीक्षित ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य भारत राष्ट्र के नागरिकों में एकता का भाव जागृत करना और उन्हें राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज के सभी लोग अपने कर्तव्य पथ पर आगे नहीं बढ़ेंगे, तब तक राष्ट्र उन्नति संभव नहीं है। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रखर सनातनी वक्ता इंद्रहास चौहान, भगवताचार्य पार्वती बल्लभ, प्रोफेसर डॉ अर्चना प्रिय आर्य तथा वृंदावन धाम के संत कृष्ण चंडी महाराज अपने विचार रखेंगे।

### एसआईआर अभियान में पोलिंग बूथों का निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) विशेष अभियान दिवस के तहत कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने जनपद के विभिन्न पोलिंग बूथों का भ्रमण किया। उन्होंने मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद बीएलओ के साथ बैठकर उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई। निरीक्षण के दौरान मतदाता नाम जोड़ने, नाम सुधार, पता परिवर्तन और पहचान पत्र से संबंधित शिकायतें सामने आईं। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि सभी वैध आवेदनों का समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती शुद्ध मतदाता सूची और नागरिकों की भागीदारी से ही संभव है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

### ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल वत्स ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे, सशस्त्र बलों की तैनाती तथा अग्निशमन उपकरणों की जांच की गई। सभी सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से संचालित पाए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और निरीक्षण के उपरांत भ्रमण पंजिका पर हस्ताक्षर किए।

### जेल में बंद बेटे से मिलने जा रही मां-बेटे को मैक्स पिकअप ने रौंदा, मां गंभीर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** गंजडुंडवारा के थाना क्षेत्र गांव नवादा निवासी सरोजा पत्नी कालीचरण (उम्र करीब 40 वर्ष) शनिवार की सुबह करीब 9 बजे अपने बेटे अशोक के साथ बाइक से जेल में बंद बेटे अंशुल से मुलाकात करने जा रही थीं। जैसे ही वे गंजडुंडवारा से सहावर मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक मैक्स पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सरोजा गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि बाइक चला रहा बेटा अशोक भी चोटिल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन दोनों घायलों को तत्काल गंजडुंडवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भी सरोजा की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया।

## हाईवे 530बी पर अंडरपास बनाने को लेकर छठवें दिन भी जारी रहा ग्रामीणों का धरना

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग 530बी पर ग्राम पंचायत श्यामसर के ग्राम वासियों व उस मांर्ग से जुड़े अन्य ग्रमीण भी आवागमन के लिए अंडर पास बनाने को जिला प्रशासन से लगतार मांग कर रहे है। लेकिन जिले का प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है, कई दिनों से गांव के सैकड़ों ग्रमीणों ने वहीं पर शांतिपूर्ण धरना देना शुरू कर दिया है। बीते दिन एसडीएम ने शांति पूर्ण धरना दे रहे ग्रामीणों को रात्रि के समय पुलिस बल के साथ पहुॅच कर महिलाओं समेत लोगों को खदेड़ कर भगाने का प्रयास भी किया जब सांसद देवेश शाक्य ने जिला प्रशासन से बात की तब कहीं जाकर एसडीएम वहां से लौटे। सांसद देवेश शाक्य ने सभी ग्रामीणों को अश्वासन दिया है कि अभी संसद सत्र चल रहा है 2 फरवरी इस मामले को संसद में उठाऊंगा और अंडर पास बनवाने की पूरी कोशिस करूंगा। लेकिन पीड़ित ग्रामीण करें क्या करें प्रशासन उनकी पुकार सुनने को राजी नहीं है। ग्रमीणों ने भी ठांन लिया है जब तक प्रशासन अंडरपास बनाने की स्वीकृति नहीं देता है तो वह शांति पूर्ण धरना देते रहेगें। ग्रमीणो ने बताया कि सबसे पहले सभी ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन देकर अंडर पास बनाने की मांग की थी, लेकिन जिला प्रशासन ने उस ज्ञापन पर कोई भी ध्यान नहीं दिया। यदि जिला प्रशासन उस ज्ञापन पर ध्यान दिया होता तो वह पीड़ित ग्रमीण धरना देने को बाध्य नहीं होते। ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करे तो हम सभी लोग धरना समाप्त कर देगें। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 530 बी में हाईवे रोड बनाने का कार्य प्रगति पर है जिस पर ग्राम पंचायत श्यामसर के अवागमन के लिए एक ही रास्ता है जो हाईवे निर्माण के कारण से बंद हो रही है। जिससे उस क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ो गांव की जनता प्रभावित हो रही है। इस निर्माण कार्य के चलते श्यामसर क्षेत्र के रहने वाले ग्रामीण अंचलों के वासिंदों को सोरों एवं कासगंज पहुॅचने के लिए एक लम्बी दूरी तय करनी पड़ेगी। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों का समय एवं धन अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा। यदि उक्त क्षेत्र में अंडर पास नहीं बनाया गया तो ग्राम नगला सेडू, श्यामसर, रामनगर, मिलिकिनियां, नगला माधों, नगला विहारी, नगला खुशाली, कुमरपुर, नगला कृपाल, गंगपुर, मुहीमनगर, श्यारपुर, नगला छत्तर, बदनपुर, दीपपुर, रोशन नगर, गढ़िया, हिमोली, भीकमपुर, नगला भूतल, नगला भम्मा, अलादीनपुर, म्याशुर, कम्पिल सहित अन्य ग्रामीणों की जनता को भारी परेशानी का समाना करना पड़ेगा। धरना देने वालों में महेश चन्द्र, मुकेश, राकेश, पिन्टू, टोई राम, राजबीर, विजयपाल, नीरज, रमनरेश, शंकर, अशोक, वीरी, प्रेमपाल, रामकिशन, मक्खनलाल, विनय कुमार, सोनपाल, मेघसिंह, राईसाब, हेमसिंह, राज कुमार, रतनलाल, रवी, धर्मेंद्र मौर्य, राम सहाय, सुभाष चन्द्र, नेम सिंह, समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद है।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान में भाजपा की बूथ स्तर पर सक्रियता

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत बीएलए-1, बीएलए-2 और बूथ प्रवासी की संयुक्त टीम बनाकर घर-घर संपर्क किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने सुरजो बाई, चक्रधारी और लाल डिग्गी बूथों का दौरा कर बीएलओ से वार्ता की तथा नए मतदाता जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने किला गेट, लाल डिग्गी और सीयल क्षेत्र में घर-घर जाकर फॉर्म-6 भरवाकर नए वोट बनवाए, जहां नए मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूर्व पालिका अध्यक्ष ने बताया कि 31 जनवरी को विशेष गहन पुनरीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बीएलओ, बीएलए और बूथ प्रवासी मौजूद रहे। शिविर में नए मतदाता बनाए गए और पुराने मतदाताओं की समस्याओं का समाधान भी किया गया। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि जिन नए मतदाताओं का वोट अभी नहीं बना है, वे शीघ्र अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं, ताकि आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## महाशिवरात्रि को लेकर कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत कांवड़ यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 530-बी का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कांवड़ यात्रियों के आवागमन मार्गों पर कैम्प, बैरीकेडिंग, वन-वे रूट, बैरियर, यातायात व्यवस्था आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को टूटी सड़कों की मरम्मत, गड्ढों की पैंचिंग, निमार्णाधीन स्थलों पर समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था, बैरीकेडिंग, रिफ्लेक्टर लगाने तथा संकरी सड़कों को चौड़ा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ यात्रियों के ठहराव हेतु लगाए जाने वाले कैम्पों में विद्युत, पेयजल व स्वल्पाहार जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा कैम्पों को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात सुचारू रखने के लिए आवश्यकतानुसार पुलिस बल तैनात करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सिराऊ, क्षेत्राधिकारी पुलिस, संबंधित थानों के प्रभारी, एनएचएआई के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीके शान्ता बहिन का 26वां समर्पण दिवस सादगी से मनाया गया

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अलीगढ़ रोड स्थित आनन्दपुरी कॉलोनी सहज राजयोग केन्द्र की संचालिका बीके शान्ता बहिन का 26वां समर्पण दिवस सादगी एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर रामपुर केन्द्र की संचालिका बीके मीना बहिन ने कहा कि परमात्मा शिव की श्रीमत पर चलते हुए शान्ता बहिन ने सेवा, सद्गुण और वात्सल्य का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपना जीवन चंदन की तरह सुवासित कर समाज को गुणदान दिया है।

कार्यक्रम में पूजा बहिन, लक्ष्मी बहिन व सृष्टि बहिन द्वारा भावनृत्य प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व बीके मीना बहिन, बीके दुर्गेश बहिन, बीके वन्दना बहिन, बीके उमा बहिन व बीके कोमल बहिन ने चुनरी ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर शान्ता बहिन का सम्मान किया।

प्रातःकालीन राजयोग सत्र में बीके शान्ता बहिन ने कहा कि परमात्मा की स्मृति से सद्गुणों का विकास होता है और पापकर्म के संस्कार नष्ट होते हैं। उन्होंने बताया कि उनका औपचारिक समर्पण 26 वर्ष पूर्व प्रयागराज के कुंभ मेले में हुआ था। कार्यक्रम के अंत में सभी ब्रह्मावत्सों ने शुभकामनाएं दीं और दीघार्यु की कामना की। संचालन बीके दुर्गेश बहिन ने किया।

## हाथरस जंक्शन पर यात्री ट्रेन का ठहराव शुरू, यात्रियों में खुशी

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** कोरोना काल में बंद हुई यात्री ट्रेनों के पुनः ठहराव से हाथरस जंक्शन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। 31 जनवरी 2026 को पहले दिन सुबह 4 बजकर 26 मिनट पर 54356 बरेलीझबांदीकुई पैसेंजर ट्रेन के स्टेशन पर रुकते ही खुशी का माहौल देखने को मिला।

यात्री ट्रेन के ठहराव के अवसर पर रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदाता समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य राम गोपाल दीक्षित के नेतृत्व में लोको पायलटों का स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान फूल माला पहनाई गई, स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और मिठाई खिलाई गई।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि हाथरस जंक्शन पर यात्री ट्रेनों का ठहराव पुनः शुरू होने से आम यात्रियों, मजदूरों और विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा आवागमन सुगम होगा। अंत में सभी ने रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और अधिक यात्री सुविधाएं बहाल किए जाने की मांग की।

## सिकंदराराऊ में सफाई व्यवस्था बदहाल, बीमारियों का खतरा बढ़ा, लोग नाराज

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** सिकंदराराऊ में स्थायी कूड़ा डंपिंग सेंटर का निर्माण महीनों बाद भी शुरू नहीं हो सका है, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। प्रतिदिन निकलने वाले भारी मात्रा में घरेलू और व्यावसायिक कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की उचित व्यवस्था न होने से नगरवासियों में रोष है।

पिछले कुछ माह पूर्व हाथरस के जिलाधिकारी अतुल वत्स और अपर जिलाधिकारी ने नगर का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका द्वारा नगर से बाहर चिन्हित की गई डंपिंग सेंटर की भूमि का जायजा लिया। अधिकारियों ने कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थायी कूड़ा डंपिंग सेंटर का निर्माण शीघ्र कराने और लंबित फाइलों को शासन से जल्द स्वीकृत कराने के निर्देश दिए थे।

नगर पालिका अध्यक्ष मुशीर कुरैशी के अनुसार डंपिंग सेंटर के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है, लेकिन रास्ते में अवरोध और जमीन संबंधी विवादों के कारण कार्य रुका हुआ है। इसके अतिरिक्त बजट की कमी भी एक बड़ी बाधा बनी हुई है। इन समस्याओं के चलते नगर पालिका को नगर के भीतर और आसपास ही कूड़ा एकत्र करना पड़ रहा है। इस स्थिति पर नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने चिंता व्यक्त की है। इनमें व्यापारी नेता विपिन वार्ष्णेय, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मुकुल गुप्ता, व्यापारी नेता विशाल वार्ष्णेय, हिंदूवादी नेता अमन गुप्ता शामिल हैं।

इन लोगों का कहना है कि कूड़े के ढेरों से लगातार दुर्गंध फैल रही है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उनका मानना है कि जब तक स्थायी कूड़ा डंपिंग सेंटर का निर्माण नहीं होता, तब तक शहर को स्वच्छ रखना संभव नहीं है। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या के समाधान के लिए शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

**परिवहन विभाग ने 1100 वाहनों की किए चालान, 60 वाहनों को किया सीज-आरपी मिश्र**

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** जनपद कासगंज में एक माह से चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर शहर के श्री गणेश इण्टर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिवहन विभाग ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एलएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने छात्र छात्राओं व लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई।

आपको बतादें कि उत्तर प्रदेश में एक जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 चल रहा था, जिसका आज समापन हो गया है, जिसके चलते कासगंज के श्री गणेश इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के समापन समारोह कार्यक्रम किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा एलएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, एएसपी सुशील कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में भाजपा एलएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने अपने संबोधन में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के आंकड़ों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमें यह प्रण लेना चाहिए कि हम न केवल स्वयं नियमों का पालन करेंगे, बल्कि अपने आसपास के हर व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित करेंगे। यदि कोई बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाता है, तो उसे टोकना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। वहीं एएसपी सुशील कुमार ने वाहन चालकों को संदेश दिया कि दोपहिया वाहन चलाते समय गुणवत्तापूर्ण हेलमेट पहनना और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है। उन्होंने जोर दिया कि लोग अक्सर पुलिस के डर से नियमों का पालन करते हैं, जबकि ये नियम अपनी जान बचाने के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने घरों में सुरक्षा दूत बनें और अपने परिजनों को हेलमेट व सीट बेल्ट के बिना घर से बाहर न निकलने दें। वहीं एआरटीओ रामप्रकाश मिश्रा ने बताया कि पूरे माह राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत अभियान चला कर लोगों जागरूक किया गया है, वहीं अभियान के तहत परिवहन विभाग ने 1100 वाहनों को का चालान किया साथ ही साथ वाहनों को सीज किया है। इस दौरान भाजपा एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, भाजपा नेता सुनील वार्ष्णेय, एआरटीओ आरपी मिश्र, यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह, कालेज प्रधानाचार्य एनपी दुबे, बीएसए, डीआईओएस, सहित अनेकों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## निकाह को सरल व सस्ता बनाने पर मुस्लिम समाज की पहल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** मुस्लिम समाज ने निकाह को सरल, सस्ता और सामाजिक बोझ से मुक्त बनाने के उद्देश्य से हुमैरा गेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी मुनन कुरैशी ने की।

बैठक में समाजसेवी नईम कुरैशी ने दहेज प्रथा को समाप्त करने का आह्वान किया और कहा कि शादी में अनावश्यक भीड़ व खर्च से बचा जाना चाहिए। प्रस्ताव रखा गया कि बारात और दावत में दोनों पक्षों से अधिकतम 200 लोग ही शामिल हों, ताकि लड़की पक्ष पर आर्थिक बोझ न पड़े। निकाह और दावत को सीमित खर्च में संपन्न कराने, अनावश्यक लेन-देन रोकने और केवल करीबी लोगों को आमंत्रित करने पर सहमति बनी। इन निर्णयों के क्रियान्वयन के लिए 40 सदस्यों की एक कमेटी गठित की गई है। बताया गया कि नियमों के उल्लंघन पर जुमार्ने का प्रावधान होगा। कमेटी के सदस्य गरीब बेटियों की शादी में निजी स्तर पर सहयोग भी करेंगे।

बैठक में उपस्थित लोगों ने इस पहल को समाज के लिए जरूरी बताते हुए समर्थन किया। इसे मुहिम की पहली कड़ी मानते हुए भविष्य में और ठोस निर्णय लेने की बात कही गई, ताकि जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का निकाह सादगी व सम्मान के साथ हो सके।

## सिकंदराराऊ के सब रजिस्ट्रार के सेवानिवृत्त होने पर भाईचारा सेवा समिति ने किया सम्मानित



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** सब रजिस्ट्रार रवि श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर भाईचारा सेवा समिति के तत्वावधान में विदाई समारोह आयोजित किया गया, समारोह में भाईचारा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर शुभकामनाएं प्रेषित की, समारोह की अध्यक्षता धनीराम वर्मा कातिब ने की व संचालन राहुल यादव एडवोकेट ने किया।

मुख्य अतिथि भाईचारा सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश यादव संघर्षी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरपाल सिंह यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सब रजिस्ट्रार रवि श्रीवास्तव जी का कार्यकाल साफ एवं स्वच्छ रहा ।

इस अवसर पर आनन्द कुमार सिंह एडवोकेट,सदर शैरवानी,सुभाष यादव, बृजेश यादव, श्रीनिवास मुनीम जी,योगेश यादव, नबाब अहमद, उपेन्द्र यादव, संजीव यादव, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# जमीन विवाद पर बढ़ा तनाव, प्रशासन की सूझबूझ से टली बड़ी अनहोनी

मोर्निंग सिटी संवाददाताअ



**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव रजपुरा स्थित पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच चला आ रहा विवाद अचानक उग्र हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही मौके पर प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार, कानूनगो, क्षेत्रीय लेखपाल और क्षेत्राधिकारी सदर तत्काल मौके पर पहुंचे और हालात को संभाला।

बताया गया कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जमीन के सीमांकन और कब्जे को लेकर तनातनी चल रही थी। मंगलवार को इसी विवाद को लेकर कहासुनी बढ़ते-बढ़ते टकराव की स्थिति तक पहुंच गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को अलग-अलग बुलाकर उनकी बात सुनी। इसके बाद उन्हें कानून का हवाला देते हुए समझाया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों की सूझबूझ और संयमित कार्रवाई से स्थिति पर काबू पा लिया गया और दोनों पक्षों को शांत कर दिया गया।

क्षेत्राधिकारी सदर ने स्पष्ट किया कि विवाद से संबंधित मामला राजस्व रिकॉर्ड और कानूनी प्रक्रिया के तहत निपटाया जाएगा। किसी भी पक्ष को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं नायब तहसीलदार ने दोनों पक्षों को आश्वासन दिया कि नियमानुसार जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की तत्परता से गांव में शांति बनी हुई है। एहतियात के तौर पर मौके पर कुछ देर तक पुलिस बल तैनात रहा, ताकि दोबारा किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। ग्रामीणों ने भी प्रशासन की कार्रवाई की सराहना की और मामले के शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद जताई।

# वीडियो सिढ़पुरा पर लगा कमीशनखोरी का आरोप

## डीएम को शिकायती पत्र देकर प्रधानों ने उठाई कार्यवाही की मांग

मोर्निंग सिटी संवाददाताअ




**कासगंज।** जनपद कासगंज के विकासखण्ड सिढपुरा के प्रधानों ने संयुक्त रूप से एकत्रित होकर खण्ड विकास अधिकारी सिढपुरा के खिलाफ जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौपा है प्रधानों का आरोप है तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी श्रेती गर्ग मनरेगा पत्रावली सवीकृत और ऑनलाइन अग्रेषित करने के लिए 3 प्रतिशत कमीशन ले रही है कमीशन लेकर उन्ही पंचायतो की पत्रावली स्वीकृत की जा रही है जो एडवांस कमीशन दे रहे है जबकि शासन के आदेशानुसार 60.40 के मानक को दरकिनार करते हुए भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है इससे पहले भी प्रधानों द्वारा शासन को शिकायत की गई थी जिसमें जाँच कमेटी गठित हुई और जाँच में लेखाकार पर कार्यवाही की गई लेकिन जिला प्रशासन द्वारा खण्ड विकास अधिकारी श्रेती गर्ग के खिलाफ कोई कार्यवाही नही हुई क्योंकि खण्ड विकास अधिकारी श्रेती गर्ग उन्ही पंचायतों और फर्मो की पत्रांवली अग्रेषित की जा रही है जिनके भुगतान पूर्व में किये जाने पर शिकायत हुई थी इसलिए मामला भ्ष्टार्चार की ओर इशारा कर रहा है पूर्व में हुई शिकायत पर कार्यवाही न किये जाने से खण्ड विकास अधिकारी श्रेती गर्ग के हौसले बुलंद हो गए और उन्ही प्रधानों को टारगेट करके उनकी पंचायतो के विकास कार्य में बाधा डाली जा रही है। शिकायती पत्र सौपने बाले प्रधानों में सुनील बघेल, सत्यम, दिनेश, विष्णु दयाल, यतेंद्र राजपूत, बलवीर सिंह, ग्रीश चंद्र, उपवेश कुमार, जगदीश, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# महामण्डलेश्वर के निर्वाण महोत्सव कार्यक्रम को लेकर सीएम को भेजा न्यौता

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री वराह मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी रामचंद्र गिरी जी महाराज के द्वितीय निर्वाण महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके लिए श्री वराह मंदिर के महामंडलेश्वर 1008 स्वामी आशुतोशनानंद गिरी जी महाराज ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्यौता भेजा है। भगवान वराह मंदिर के महामण्डलेश्वर ब्रहम्लीन रामचन्द्र गिरी जी महाराज का द्वितीय निर्वाण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्रीमदभागवत कथा की अम्रत वर्षा होगी यह कार्यक्रम आठ अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल तक होगा। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के सीएम सम्मलित हो सकते है। विदित हो कि श्री वराह मंदिर सोरों शूकर क्षेत्र से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुराना नाता है। यहां के ब्रह्मलीन मंहत स्वामी रामचंद गिरी जी महाराज का स्वास्थ्य खराब था तब वह बनारस में 3 घंटे आश्रम में रुके थे और उनका हाल-चाल जाना। बताया जाता प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामचंद्र गिरी जी को अपना गुरु मानते थे इसलिए उनका कार्यक्रम मिलने के लिए आशुतोष आनंद गिरि जी महाराज ने पत्र भेजा है। श्री वराह भगवान मंदिर के महामण्डलेश्वर स्वामी आशुतोषानंद गिरी महाराज ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर मंख्यमंत्री आदित्यनाथ को निमंत्रण पत्र भेजा गया है। उनके साथ इस कार्यक्रम में देश के सभी शंकराचार्य एवं योग गुरु बाबा रामदेव, पं. धीरेंद्र शास्त्री, देवकीनंदन ठाकुर, अनिरुद्ध आचार्य, एवं निरंजन अखाड़ा के आचार्य स्वामी कैलाश आनंद गिरि जी उदासीन अखाड़ा के आचार्य स्वामी गुरु शरणानंद जी महाराज मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्र दास देवाचार्य आदि संत को निमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। महोत्सव कार्यक्रम के दौरान आठ अप्रैल से श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियां चल रहा है।

# सोरों में हरियाली पर चली कुल्हाड़ी, 18 प्रजातियों के पेड़ काटे

मोर्निंग सिटी संवाददाताअ



**कासगंज।** सोरों कोतवाली सोरों क्षेत्र के गांव नगला सुरजी में 24 जनवरी को पर्यावरण के साथ बड़ा खिलवाड़ सामने आया है। गांव में नीम, आम, शीशम, जामुन, पिलखुन, बेल सहित कुल 18 प्रजातियों के पेड़ों को अवैध रूप से काट दिया गया। हैरानी की बात यह है कि इनमें से आधे से अधिक पेड़ सड़क किनारे खड़े थे, जो सार्वजनिक संपत्ति की श्रेणी में आते हैं।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने 24 जनवरी को ही घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़े पैमाने पर कटान की पुष्टि हुई, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, गांव नगला सुरजी निवासी खेत मालिक सुरेंद्र सिंह पुत्र लालाराम ने उक्त पेड़ों को ठेकेदार विवेक यादव को बेच दिया था। इसके बाद बिना अनुमति के पेड़ों का कटान कर दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे के पेड़ों का काटा जाना नियमों का खुला उल्लंघन है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में फॉरेस्टर आकाश ने बताया कि मामले का निरीक्षण किया गया है, लेकिन अभी तक किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी है। वहीं ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि स्पष्ट प्रमाण होने के बावजूद दोषियों पर कार्रवाई में देरी की जा रही है। क्षेत्र में पेड़ों के अवैध कटान से पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वन विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले में शीघ्र कार्रवाई कर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# 30 से 13 फरवरी चलाया जाएगा स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज/सिढपुरा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी से 13 फरवरी स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसी के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. प्रदीप कुमार गौतम ने सभी को कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ दिलाई। उनके नेतृत्व में ही जागरूकता रैली भी निकाली गई। इसके साथ ही डा. गौतम ने सभी आशाओं को बताया कि यदि आस-पास कोई व्यक्ति कुष्ठ रोग से पीडित है तो उसकी जानकारी स्वास्थ्य केंद्र पर दें। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग के लक्षण त्वचा पर सुन्नपन के साथ फीके रंग के धब्बे पाया जाना, त्वचा पर गाँठे होना, भौंह का खत्म होना, हाथों-पैरों में झनझनाहट व सुन्नपन आना आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग एक ठीक होने वाली बीमारी है। इस दौरान चिकित्साधिकारी डा. विनायक यादव, डा. अजय राघव, डा. पुनीता चैहान, डा. गौरव, बीपीएम प्रेम कुमार, लिपिक प्रमोद चैहान व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# गंजडुंडवारा में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 8 को

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** गंजडुंडवारा नगर के रेलवे रोड स्थित पंचायती बाग में आगामी 8 फरवरी दोपहर 12 बजे से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा। सम्मेलन को लेकर रविवार को प्रतिदिन प्रातः साढ़े पांच बजे से 8 फरवरी तक जन जागरण प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके अलावा रविवार को दोपहर 12 बजे हरनरायन इंटर कालेज से भगवा बाइक रैली निकाली जाएगी। यह जानकारी सनातन हिंदू सम्मेलन अध्यक्ष विकास गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि 3 फरवरी को हनुमान चालीसा का पाठ सायं 5 बजे से पंचायती बाग में होगा। सात फरवरी को कलश यात्रा, रथ यात्रा निकाली जाएगी। आठ फरवरी प्रात 9 बजे से पंचायती बाग में यज्ञ व दोपहर दो बजे से हिंदू सम्मेलन होगा। सम्मेलन के समापन पर भंडारे का भी आयोजन होगा। यह कार्यक्रम अनुराग कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में संपंन होंगे। उन्होंने सभी सनातन प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य कमाने की अपील की है।

# अपर जिलाधिकारी ने विकासखंड क्षेत्र सोरों के ग्राम बहादुरनगर के प्राथमिक विद्यालय बूथ संख्या 97 व संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 98,99,100,101,102 का भ्रमण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (ैप्)-2026 के अंतर्गत आज अपर जिलाधिकारी दिग्विजय प्रताप सिंह ने विकासखंड क्षेत्र सोरों के प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 97 व संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 98,99,100,101,102 का भ्रमण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने बीएलओ से घर-घर जाकर किए जा रहे सर्वे, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम जोड़ने/हटाने तथा संशोधन से संबंधित प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र नागरिकों का अधिक से अधिक नाम मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु फॉर्म-6 भरवाने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुद्दढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है, अतः सभी बीएलओ अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अभियान के दौरान आमजन को जागरूक करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान कर्मचारी एवं बीएलओ उपस्थित रहे।

# इलाज के दौरान युवक की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। सोरों थाना क्षेत्र सोरों के गांव सलेमपुर बीबी निवासी 25 वर्षीय ऋतिक पुत्र स्वर्गीय दरबारीलाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई विकास ने बताया कि ऋतिक पिछले तीन वर्षो से टीवी (क्षय रोग) की बीमारी से पीड़ित था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे घर पर अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। घबराए परिजन उसे तुरंत सोरों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल मैनपुरी रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में गहन चिकित्सा के बाद चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर किया। परिजन उसे इलाज के लिए मथुरा ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ऋतिक ने दम तोड़ दिया। ऋतिक अपने परिवार में सबसे बड़ा था। उसकी मौत से गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जेसीबी से नाली की हो रही खुदाई, ग्रामीणों में रोष

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** अमांपुर कस्बे में नगर पंचायत के द्वारा कस्बे के बारहद्वारी घंटाघर से कासगंज तिराहे तक नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लोगों ने नगर पंचायत ठेकेदार पर मानक के अनुसार कार्य नहीं कराए जाने का आरोप लगाया है। लगभग 60 लाख की लागत से बनने वाली इस नाली की निर्माण की खुदाई मजदूरों के स्थान पर जेसीबी से करायी जा रही है। इस मामले में नगर पंचायत के जिम्मेदार एक दूसरे की गलती बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। ठेकेदार जेसीबी से नाली खोद नियमों की अनदेखी कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जेसीबी से नाली खोदकर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ लोगों के निर्माण कार्य को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय निवासी मीना चैहान ने कहा कि इस कार्य के लिए मजदूर लगाकर फावड़े की मदद से नाली को खोदना चाहिए। लेकिन नाली खोदने में मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन लगाई गई है। आरटीआई कार्यकर्ता दीपक जोशी का कहना है कि ठेकेदार की मनमानी के चलते यहां के मजदूर रोजगार से वंचित हो रहे हैं। वहीं शासन के आदेश व निर्देश का भी उल्लंघन हो रहा है।

# कार्यदायी सस्थाओं का जेई ने रोका भुगतान सड़क निर्माण कार्य चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट, लाखों का घोटाला

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** स्थानीय निकाय प्रशासन में भ्रष्टाचार की जड़े अमरवेल की तरह फलफूल रही है, जिसके चलते पालिका प्रशासन अपना अस्थितत्व खोता जा रहा है। कहने को तो पालिका प्रशासन द्वारा जनहित में कई विकास योजनायें एवं निर्माण कार्य काराये जा रहे है। लेकिन ये सभी विवादों के घेरे में आ चुके है। कुछ निर्माण कार्य तो जांच के घेरे में आने के कारण जिला प्रशासन की अनुशंशा पर एसडीएम ने ऐसे विवादित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और अपनी जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपने की तैयारी की जा रही है।

स्थानीय निकाय प्रशासन को लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला कहा जाता है, लेकिन वर्तमान में लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला विवादित हो, विवादों के घेरे में आ गई है। कहने को तो पालिका प्रशासन द्वारा जनहित में जनसुविधाओं एवं नगर के सवार्गीण विकास के लिए कई योजनाये संचालित की जा रही है। लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा अपने अधीनस्तों पर नियंत्रण न होने के कारण ये सभी विकास योजनायें भ्रष्टाचार की भेट चढ़ती जा रही है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि पालिका प्रशासन का अपने अधीनस्तों पर अंकुश नहीं रहा है। जन चचाओं के अनुसार बीते कुछ समय पूर्व नगर के मुख्य मार्गो का सेढ़ दसक के अंतराल के बाद डाबरीकरण कराया गया, लेकिन अभी एक वर्ष भी पूर्ण नहीं हो हुआ यह निर्माण कार्य छतविछत हो चुका है। इसीक्रम में ताजा उदाहण उस समय सामने आया जब कासगंज नगर पालिका प्रशासन द्वारा गली जौरा-भौरा स्थति पिपलेश्वर महादेव मंदिर से लेकर सहावर गेट स्थति प्रभु हलवाई तक सीसी व नाली निर्माण कार्य कराया गया। इस पूरे निर्माण कार्य वर्कऑडर दो फर्मो को दिया गया। जिसमें पिपलेश्वर महादेव मंदिर से लेकर होती लाल हलवाई तक का टेंडर कार्यदायी संस्था दाऊजी विल्डरर्स के प्रो. बबलू गुप्ता के नाम हुआ जिसकी अनुमानित लागत लगभग 34 लाख है। वहीं होती लाल हलवाई से लेकर सहावर गेट स्थति प्रभु हलवाई तक का टेंडर कार्यदायी संस्था विदित कन्ट्रेक्शन कम्पनी के प्रो. जीतू गुप्ता को दिया गया। इस निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 38 लाख रुपये है। मानक के अनुसार कार्य न किये जाने के चलते यह पूरा निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया। इस निर्माण कार्य को पूर्ण हुए अभी एक माह का समय भी नहीं बीता यह निर्माण कार्य छतविछत होता दिखाई दे रहा है। मानक के अनुसार निर्माण कार्य न होने के चलते गली जौरा भौरा के वासिंदों ने जिलाधिकारी प्रणय सिंह को अपना शिकायती पत्र सौंपा। इस शिकायती पत्र के आधार पर जिला प्रशासन ने एसडीएम हर्षिता देवड़ा को जांच अधिकारी नियुक्त किया। जांच अध्किारी बनने के बाद एसडीएम हर्षिता देवड़ा ने उपरोक्त निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर उसकी जांच पड़ताल की और अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपने का आश्वासन वासिंदों को दिया।

## जांच जारी भुगतान रोका गया- जेई

पिपलेश्वर महादेव मंदिर से लेकर प्रभु हलवाई तक हुए इस निर्माण कार्य के संदर्भ में जब पालिका प्रशासन के जूनियर इंजीनियर धर्मेन्द्र कुमार से बात की गई तो उन्होने बताया कि इस निर्माण कार्य का ठेका दो कार्यदायी संस्था दाऊजी विल्डरर्स के प्रो. बबलू गुप्ता एवं विदित कन्ट्रेक्शन कम्पनी के प्रो. जीतू गुप्ता को दिया गया। इस पूरे निर्माण कार्य की अनुमानित लागत लगभग 72 लाख रुपये है। जब उनसे इस निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचर के संदर्भ में जानकारी लेनी चाही तो जेई धर्मेन्द्र कुमार ठेकेदारों का वचाव करते नजर आये, लेकिन साथ ही कहा कि उक्त सम्पूर्ण निर्माण कार्य जांच के घेरे में है उक्त कार्यदायी सस्थाओं का भुगतान रोका गया है।

# दुकानों की बांस बल्ली को अराजक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त, तलाश शुरू

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज। सोरों कोतवाली क्षेत्र के लहरा घाट पर लगने वाली दुकानों की बांस बल्ली बीती रात अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर डालीं। सुबह दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों ने बांस बल्ली की दुकानें क्षतिग्रस्त दिखीं तो आक्रोश पनप गया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना स्थल का मुआयना किया। पुलिस ने आनन-फानन में क्षतिग्रस्त की गईं दुकानों को व्यवस्थित करा दिया है। साथ ही अराजक तत्व की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार की सुबह लहरा गंगा घाट पर बांस बल्ली की दुकानें तोड़े जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीशचंद्र मय पुलिस बल के मौके पर पहुंच गए। मौके पर उन्हें दुकानों की बांस बल्लियां क्षतिग्रस्त मिलीं। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि वह पूजा सामग्री की दुकानें लगाकर अपनी गुजर बसर करते हैं, लेकिन शनिवार की सुबह आए तो दुकानें टूटी मिलीं। दुकानदारों के साथ ही स्थानीय लोगों ने भी घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। इंस्पेक्टर जगदीशचंद्र ने बताया कि गुस्साए लोगों को समझा बुझाकर शांत कर दिया गया है। सभी दुकानें पुनरू व्यवस्थित करा दी गई हैं। पुलिस अराजक तत्वों की तलाश में जुट गई है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दो उपनिरीक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली में तैनात दो उपनिरीक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विदाई समारोह हुआ।

श्री बालाजी दिव्यांग सेवा समिति के कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में एसआई बलवीर सिंह, धर्म सिंह को समिति के महा मंत्री आलोक पचैरी, केशव दीक्षित, देवेंद्र मिश्रा, महेश सिंह चैहान ने शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर विदाई दी।

इस दौरान विवेक गोला, बृजेश दीक्षित, देवेंद्र दीक्षित, राधेश्याम राठौर, कैलाश मिश्रा, आशीष मिश्रा, शालू उपाध्याय, रजत राठौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# लाखों की चोरी की घटना पर मंडी सचिव ने की लीपापोती , जांच में खुलेगा राज, लेखाधिकारी ने मांगी रिपोर्ट






मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** कासगंज के अमापुर रोड स्थित मंडी समिति में सरकारी टेक्स के 11 लाख की चोरी की घटना को मंडी सचिव शैलेन्द्र कुमार दबाने का प्रयास कर रहे हैं। इस घटना की जानकारी जिले के आलाधिकारियो को नहीं दी गई और ना ही पुलिस को, आखिर क्या कारण रहा जो मंडी सचिव ने घटना को पुलिस से छुपाया इस बात की चर्चा मंडी समिति में आम हो रही है जबकि घटना की चोरी की पूरी घटना मंडी समिति कार्यालय मे लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुई है। वहीं इस मामले में लेखाधिकारी मंडी अलीगढ़ ने पूरी रिपोर्ट तलब की है।

मंडी समिति कार्यालय से सरकारी टेक्स के ग्यारह लाख रुपए की चोरी की घटना लगभग तीन माह की बताई जा रही है सरकारी टैक्स का जमा हुआ 11 लाख रुपया चोरी कार्यालय से हो जाता है जबकि मजे की बात यह है कि रुपए चुराते हुए चोर मंडी कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा गया है उसके बावजूद भी मंडी सचिव शैलेन्द्र कुमार ने पूरी घटना से जिले के अधिकारीयों को अवगत नहीं कराया और नहीं कासगंज पुलिस को इसकी जानकारी दी, जब मामला चर्चा का विषय बना दो आनन फानन में इस सरकारी 11 लख रुपए को बाबू बलवीर सिंह यादव द्वारा जमा किया गया लेकिन मजे की बात तो यह है कि चोरी हुई सीसीटीवी कैमरे में कर दिखा तो यह रुपया बालवीर सिंह ने अपनी जेब से क्यों जमा किया।

## सालो से जमे पड़े है बाबू कर रहे है घोटाला

कासगंज। मंडी समिति मे तैनात बाबू सालो से जमे पड़े है वह सरकारी टेक्स की चोरी कर रहे है मंडी समिति मे टेक्स की रशीद के नाम पर घोटाला हो रहा है बाबू सालो से जमे पड़े है।

## मंडी इंस्पेक्टर की तैनाती सोरो, बैठते है कासगंज

कासगंज। मंडी समिति सोरो के पद पर तैनात मंडी इंस्पेक्टर गौरव कुमार सोरो ना जाकर कासगंज मंडी मे ही बैठकर मंडी समिति शैलेन्द्र कुमार खसमखास बने बैठे है जबकि इनकी तैनाती सोरो मे है तों वहा क्यू नहीं बैठते।

## क्या कहते है लेखाधिकारी

जब लेखाधिकारी अलीगढ़ संजय शर्मा से फोन पर हुई वार्ता के दौरान सरकारी टैक्स के 11 लाख चोरी हुई घटना के विषय में उनसे जानकारी ली गई तो पहले तो वह इस मामले में लीपापोती करते हुए नजर आये। उनका कथन था कि कासगंज स्थति मंडी कार्यालय से न तो काई पैसा गवन हुआ है न ही चोरी कुछ धनराशि शॉट हुई थी जब यह बात हमारे संज्ञान में आई तो हमने तत्काल प्रभाव से उस शॉट हुई धनराशि को जमा कराने का निर्देश दिया। उसके अनुपालन में मुडी कार्यालय द्वारा उस शॉट हुई धनराशि को जमा करा दिया गया। यदि इसके बावजूद भी काई अन्य बात प्रकाश में आती है तो पूरे प्रकरण की जांच कारई जायेगी। मंडी समिति में तैनात बाबू बलवीर सिंह यादव ने 11 लाख रुपया तो जमा कर दिया लेकिन इस सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ इसका जिम्मेदार कौन होगा जब मंडी समिति से ही चोरी हुई तो उसकी रिपोर्ट क्यों नहीं दर्ज कराई गई ओर यह लाखो रुपया बाबू बलवीर सिंह ने क्यू जमा कियाए अगर बैंक रिकॉड निकाले जाये ओर यह जानकारी ली जाये सरकारी टेक्स का रुपया क्यू देरी से जमा हुआ कई राज खुलेंगे।

## छोटी खबरें

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** जनपद पुलिस विभाग से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को शुक्रवार को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्प-माला, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र और उपहार भेंट कर उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की गई। दिनांक 31 जनवरी 2026 को जनपद में तैनात उपनिरीक्षक गोविन्द नारायण सिंह (यू.पी. 112), उपनिरीक्षक पवन कुमार सिंह (थाना अकबरपुर), उपनिरीक्षक राम पटेल (थाना मूसानगर) तथा आरक्षी सुरेश बाबू (थाना एएचटीयू) पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सुश्री प्रिया सिंह ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा कि विभाग में उनके द्वारा दी गई सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखद एवं खुशहाल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसके अलावा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिजन भी समारोह में उपस्थित रहे।

### 23 साल पुराने गोवध मामले में आरोपी दोषी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** थाना सिकंदरा क्षेत्र में वर्ष 2002 में दर्ज गोवध निवारण अधिनियम के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया है। माननीय एसीजेएम-01, कानपुर देहात ने अभियुक्त राजू पुत्र सुलेमान को दोष सिद्ध करते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा और 2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को 10 दिन का साधारण कारावास भुगतना होगा। मामला 19 नवंबर 2002 का है, जब थाना सिकंदरा क्षेत्र के गांधी नगर कस्बे में गोवध की घटना के संबंध में इरशाद पुत्र गुड्डू, राजू पुत्र सुलेमान और अनीस पुत्र सुलेमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस संबंध में थाना सिकंदरा पर मुकदमा संख्या 219/2002 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस विवेचक द्वारा मामले की गुणवत्ता पूर्ण विवेचना करते हुए साक्ष्य संकलन किया गया और 13 दिसंबर 2002 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में पेश साक्ष्यों, गवाहों के बयानों और अभियुक्त राजू द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने के आधार पर न्यायालय ने उसे दोषी ठहराया। अपराधियों को सजा दिलाने और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत थाना सिकंदरा पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन और मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी और सतत पैरवी की गई। न्यायालय के इस निर्णय को कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस का अभियान, एक गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 30 जनवरी 2026 को विभिन्न थानों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जबकि 15 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई। थाना भोगनीपुर पुलिस ने वाद संख्या 288/2023 धारा 125(3) सीआरपीसी से संबंधित अभियुक्त विपिन कुमार पुत्र रामदास निवासी ग्राम कल्ला थाना भोगनीपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की। इसके अलावा जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से अलग-अलग थानों द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई की गई। थाना गजनेर पुलिस ने एक व्यक्ति, थाना भोगनीपुर पुलिस ने दो व्यक्तियों, थाना राजपुर पुलिस ने एक व्यक्ति, थाना मंगलपुर पुलिस ने एक व्यक्ति, थाना बरौर पुलिस ने दो व्यक्तियों, थाना रसूलाबाद पुलिस ने चार व्यक्तियों और थाना शिवली पुलिस ने चार व्यक्तियों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत चालान किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### रिमझिम बारिश में भक्तों ने छका माता रानी का प्रसाद

**अहेरीपुर, इटावा।** स्थानीय कस्बा अहेरीपुर में सिद्धेश्वरी माता दुर्गा देवी मंदिर पर देवी भागवत का भंडारा आयोजित किया गया। आयोजक वेद प्रकाश गुप्ता ने सभी ग्रामीणों से माता रानी का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की। मौसम में बदलाव के बावजूद रिमझिम बारिश शुरू होने के बाद भी कार्यकताओं में उत्साह बना रहा। हजारों की संख्या में भक्तजन भंडारे में पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था मिलन राठी, दिवारी लाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, शिव कुमार सिंह राजावत, कमलेश शुक्ला, बृजेश राठौड़, नरणारायण सारस्वत, चुन्नी सिंह राठौड़, रामु राठौड़, श्याम राठौड़, संजू राठौड़, बिनोद पंडित, राजेश पंडित सहित सैकड़ों कार्यकताओं द्वारा की गई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने माता रानी की भक्ति में भाग लेकर भंडारे को सफल और उल्लासपूर्ण बताया। सिद्धेश्वरी दुर्गा देवी मंदिर में बड़ी देवी की प्राण प्रतिष्ठा नगर भ्रमण के बाद मंदिर में विधिवत विराजित हुई माता अहेरीपुर, इटावा। स्थानीय कस्बा अहेरीपुर के पश्चिमी किनारे स्थित सिद्धेश्वरी दुर्गा देवी मंदिर में आज बड़ी देवी जी की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व शिक्षक वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया, जिसमें श्री मद भागवत कथा का भी आयोजन चल रहा था। देवी जी के नगर भ्रमण कार्यक्रम के दौरान माता का भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर से शुरू होकर हनुमान गढ़ी, सीता-राम मंदिर, बूढ़ा शिवालय, श्री बिहारी जी मंदिर, शिवाला मंदिर, श्री राम-जानकी मंदिर और राम ताल सहित अन्य मंदिरों से होती हुई पुनः सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर पर पहुंची। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सफल बनाने में आयोजक वेद प्रकाश गुप्ता के इष्ट मित्र, रिश्तेदार और समस्त ग्राम वासी तन-मन-धन से सहयोग कर रहे थे। नगर भ्रमण के दौरान टिंकू गुप्ता, बृजेश राठौड़, शिवांश राठौड़, सुशील पांडे, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संदेश बर्मा, राजेश दुबे, नंदू राठौड़, मान सिंह राजावत सहित सैकड़ों श्रद्धालु डी.जे. की धुन पर थिरकते हुए माता के स्वागत में शामिल हुए। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने माता की भक्ति और उत्साहपूर्वक भागीदारी कर प्राण प्रतिष्ठा को सफल एवं उल्लासपूर्ण बताया।



### भरथना में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का हाथ तोड़ा ग्रामीण भड़के,

पुलिस ने संभाली स्थिति; नई प्रतिमा के अनावरण की तैयारी

कानपुर देहात।

भरथना थाना क्षेत्र की बाहरपुरा ग्राम पंचायत के मिराय कोठी गांव में अराजक तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का हाथ तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण भड़क उठे और उन्होंने पुलिस से सख्त कार्यवाही की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतिमा का हाथ जानबूझकर माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से तोड़ा गया। पुलिस ने तुरंत स्थिति को नियंत्रण में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बीच, प्रशासन और ग्रामीण मिलकर नई प्रतिमा के अनावरण की तैयारियों में जुट गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोषियों को चिन्हित कर उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। तनाव को देखते हुये गाव मे भारी पुलिस वल तैनात कर दिया गया है`

### ठाकुर सुरेंद्र सिंह चौहान और राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन तोमर ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**इटावा।** भारतीय किसान यूनियन (सर्वोदय) के राष्ट्रीय संरक्षक ठाकुर सुरेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में आज भाकियू सर्वोदय के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह तोमर ने मनीष शर्मा को हिमाचल प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा देवेंद्र सिंह राजावत, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव भदोरिया, जिला अध्यक्ष आगरा भानु प्रताप सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी विनय भदोरिया, मंडल प्रवक्ता आगरा लक्ष्मीकांत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान-श्रमिक संगोष्ठी में सरकार की योजनाओं पर जोर

### कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** अकबरपुर में किसान-श्रमिक किसान संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले की ओर से किया गया, जिसमें जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संगोष्ठी की शुरूआत मां भारती, किसान और मजदूर की आरती उतारकर की गई।

मुख्य अतिथि डॉ. संजय निषाद ने अपने संबोधन में वीबी जीरामजी योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिससे किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों को सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखकर उन्हें धरातल पर उतार रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने किसानों और मजदूरों को सिर्फ आश्वासन दिए, जबकि मौजूदा सरकार परिणाम दिखा रही है।

अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बिना भेदभाव के सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने विपक्ष पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वीबी जीरामजी योजना से सबसे कमजोर वर्ग को सशक्त किया जाएगा। साथ ही उन्होंने किसानों और श्रमिकों से सरकार की योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व के संकल्प के साथ सामान्य, पिछड़ा और अनुसूचित सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई जनहित का विषय होगा, तो उसे सांसद देवेंद्र सिंह भोले द्वारा संसद में मजबूती से उठाया जाएगा। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में किसान, श्रमिक, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों और मजदूरों से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने और उन्हें अन्य लोगों तक पहुंचाने की अपील की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी, स्वप्निल वरुण, राजेंद्र सिंह राजू, विकास भोले, दिनेश राय, राजेंद्र सिंह चौहान, ऋषि सिंह, रामप्रकाश कुशवाहा, बृजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, गुड्डन, अशोक सिंह दद्दा, बब्बन शर्मा, विकास मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मैथा मोड़ हाइवे पर बस दुर्घटनाग्रस्त, चालक-परिचालक घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** थाना रनियां क्षेत्र के मैथा मोड़ हाइवे पर शुक्रवार सुबह दिल्ली से बनारस जा रही एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बस चालक और परिचालक घायल हो गए, जिन्हें पुलिस की तत्परता से जिला अस्पताल पहुंचाकर इलाज कराया गया। बस में सवार अन्य यात्री सुरक्षित रहे। जानकारी के अनुसार बस संख्या BR28 P 4082 शुक्रवार सुबह करीब छह बजे मैथा मोड़ हाइवे पर आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। टक्कर के बाद बस चालक राजवीर पुत्र काली चरण निवासी ग्राम बागवाला, जनपद एटा और परिचालक कल्लू पुत्र जगदीश निवासी ग्राम बाजना थाना नौहझील, जनपद मथुरा बस में फंस गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और क्षेत्राधिकारी अकबरपुर संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने तत्काल राहत कार्य करते हुए दोनों घायलों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला और एंबुलेंस से जिला अस्पताल अकबरपुर भिजवाया, जहां उनका उपचार कराया गया। बस में सवार अन्य यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने वैकल्पिक वाहनों की व्यवस्था कर उन्हें उनके गंतव्य के लिए सुरक्षित रवाना किया। दुर्घटना के कारण हाइवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया था, जिसे पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को क्रेन से हटवाकर सुचारु कराया। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय और अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में की गई इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है। पुलिस ने आमजन से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर सूचना देने की अपील की है।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी कपिल सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा प्रत्येक प्रकरण के त्वरित, पारशी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही शिकायतकताओं को उनके मामलों की प्रगति और वर्तमान स्थिति की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पोर्टल पर दर्ज किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। सभी मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तर के समस्त अधिकारी, उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (जूम) के माध्यम से जुड़े रहे। जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई और आईजीआरएस से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आमजन को शीघ्र राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दुष्यंत कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिग्विजय सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशे के कारोबार पर कानपुर देहात पुलिस का बड़ा प्रहार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रनियां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे और निशानदेही पर करीब 50 लाख रुपये कीमत का 94 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 29 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति टीवीएस मोपेड से प्लास्टिक के टब में गांजा लेकर रायपुर कुकहट फैक्ट्री क्षेत्र में खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने निमार्णाधीन हर्षित जायसवाल की फैक्ट्री के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर दोनों युवक मोपेड स्टार्ट कर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे प्लास्टिक के टब बेचने की आड़ में गांजा तस्करी का काम कर रहे थे। तलाशी के दौरान उनके पास से गांजे के पैकेट, 20 हजार 200 रुपये नकद, दो कीपैड मोबाइल फोन और एक टीवीएस मोपेड बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में यह भी बताया कि उन्होंने और गांजा एक बंद पड़ी फैक्ट्री में छिपाकर रखा है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने फैक्ट्री से भारी मात्रा में गांजा और एक अन्य टीवीएस मोपेड बरामद की। इस तरह आरोपियों के कब्जे व निशानदेही से कुल 94 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान आर्यन (30) निवासी कंजड़ बस्ती सचेंडी थाना सचेंडी, कानपुर नगर और अनुज कुमार (22) निवासी हरजिंदर नगर लाल बंगला थाना चकेरी, कानपुर नगर के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ थाना रनियां में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी गहन जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे और गिरफ्तारियां की जाएंगी।

## 24 साल पुराने बिजली तार चोरी के मामले में आरोपी दोषी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** थाना रूरा क्षेत्र में वर्ष 2002 में सामने आए बिजली तार चोरी के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया है। माननीय एसीजेएम प्रथम, कानपुर देहात ने अभियुक्त जगदीश को दोष सिद्ध करते हुए न्यायालय उठने तक की सजा और 800 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अरोपी को दो दिन का साधारण कारावास भुगतना होगा। मामला 23 जनवरी 2002 का है, जब थाना रूरा पुलिस ने ग्राम काशीपुर निवासी जगदीश पुत्र सुन्दर के कब्जे से 2700 मीटर चोरी का विद्युत तार बरामद किया था। इस संबंध में थाना रूरा पर मुकदमा संख्या 26/2002 धारा 379/411 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचक द्वारा मामले की गुणवत्ता पूर्ण विवेचना करते हुए साक्ष्य संकलन किया गया और 26 जनवरी 2002 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अभियुक्त को दोषी ठहराया गया। पुलिस विभाग द्वारा आम जनमानस को त्वरित न्याय दिलाने और अपराधियों को सजा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मामले में प्रभावी पैरवी की गई। थाना रूरा पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन और मॉनिटरिंग सेल की सतत निगरानी और समन्वय से अभियोजन पक्ष ने मामले को मजबूती से न्यायालय के समक्ष रखा।

## रनिया औद्योगिक क्षेत्र में आयकर विभाग का बड़ा छापा

मोर्निंग सिटी संवाददाता





**कानपुर देहात।** जनपद के रनिया औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार को आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया। आयकर विभाग की टीम ने नमकीन निमार्ता नितिन सोनी और दिनेश लाल की कंपनियों से जुड़ी फैक्ट्री की तीन अलग-अलग यूनिटों पर एक साथ छापेमारी की। अचानक हुई कार्रवाई से पूरे औद्योगिक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रायपुरझगजनेर रोड स्थित नमकीन फैक्ट्री पर लग्जरी बसों और कारों के काफिले के साथ पहुंचे आयकर विभाग के कई दर्जन अधिकारियों ने एक साथ परिसर में प्रवेश किया।

कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी संख्या में सशस्त्र पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। छापेमारी शुरू होते ही फैक्ट्री के सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया गया। किसी को भी बाहर निकलने या बाहरी व्यक्ति को अंदर आने की अनुमति नहीं दी गई। अचानक हुई इस सख्त कार्रवाई से फैक्ट्री परिसर में काम कर रहे कर्मचारियों में खलबली मच गई। जांच के दौरान आयकर विभाग की टीम ने फैक्ट्री कार्यालय से महत्वपूर्ण दस्तावेज, बही-खाते, कंप्यूटर सिस्टम और हार्ड डिस्क जब्त की हैं। फैक्ट्री मालिकों, प्रबंधकों और कर्चारियों को परिसर के अंदर ही रोककर पूछताछ की जा रही है। आयकर विभाग की कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। अधिकारियों के अनुसार जांच पूरी होने के बाद ही टैक्स चोरी या अन्य वित्तीय अनियमितताओं की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कार्रवाई के परिणामों पर जिलेभर की निगाहें टिकी हुई हैं।

## जिला अस्पताल की इमरजेंसी से डॉक्टर नदारद, रियल्टी चैक मे खुली पोल

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कानपुर देहात।** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। इमरजेंसी वार्ड में इलाज के लिए तैनात डॉक्टर मौके पर नहीं मिले। इस स्थिति मे इमरजेंसी मे आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है ।

30 जनवरी को मीडिया टीम द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किए जाने पर पाया गया कि इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक मौजूद नहीं थे। जबकि अस्पताल के रोस्टर के अनुसार डॉक्टर गौरांक और डॉक्टर बृन्दावन की इमरजेंसी में ड्यूटी निर्धारित थी। मौके पर मौजूद फार्मासिस्ट से पूछताछ करने पर बताया गया कि ड्यूटी के समय डॉक्टर विश्राम कर रहे हैं। इमरजेंसी जैसी संवेदनशील सेवा में डॉक्टरों की गैरमौजूदगी को लेकर अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। इसी दौरान जब चिकित्सक को मीडिया कवरेज की जानकारी हुई, तो इस पर नाराजगी जताए जाने की बात भी सामने आई। पूरे घटनाक्रम से जुड़े वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी और निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है। एक ओर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टरों की अनुपस्थिति उन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

## सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित

### छात्रों ने पोस्टर व नाट्य के माध्यम से दिया यातायात नियमों का संदेश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** शासकीय दिशा-निदेर्शों के क्रम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का समापन समारोह सीएचएस एकेडमी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही बच्चों द्वारा ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने के उद्देश्य से लघु नाट्य का प्रभावशाली प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दुष्यंत कुमार मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडे, पुलिस उपाधीक्षक ट्रैफिक राजीव सिरोही, एआरटीओ प्रशासन प्रशांत तिवारी, एआरटीओ प्रवर्तन सोमलता यादव, ट्रैफिक इंस्पेक्टर विवेक सिंह तथा पीटीओ स्मिता वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं सड़क सुरक्षा के ब्रांड एम्बेसडर अनूप सचान ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार ने बच्चों को अनुशासन का महत्व समझाते हुए स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा परिवार के अन्य सदस्यों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दुष्यंत कुमार मौर्य ने सड़क सुरक्षा को जीवनशैली में शामिल करने पर जोर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडे ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई। वहीं पुलिस उपाधीक्षक ट्रैफिक राजीव सिरोही ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए किया जाना चाहिए, क्योंकि जीवन अमूल्य है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य शिल्पी निगम ने कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## मिशन शक्ति 5.0: कानपुर देहात पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर चलाया जागरूकता अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोदया श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में "मिशन शक्ति 5.0" अभियान चलाया गया। 31 जनवरी 2026 को आयोजित इस अभियान के तहत थाना पुलिस ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों, कानूनी अधिकारों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और अपराधों से बचाव के उपाय बताना था। महिलाओं को 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (महिला शक्ति लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (इमरजेंसी हेल्पलाइन) और 1076 (पुलिस कंट्रोल रूम) सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही, वढउडढ ऐप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का लाभ उठाने और सोशल मीडिया पर साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग एवं फर्जी खातों से बचाव के टिप्स साझा किए गए। कानूनी अधिकारों के अंतर्गत महिलाओं को ढडउरड एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम और आईटी एक्ट से संबंधित जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता अभियान लगातार आयोजित किए जाएंगे ताकि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत करने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# कुरावली में रोडवेज बस जीटी रोड़ पर खड़ी करके बिठाई जा रहीं सवारियां

कई रोडवेज बसों के सड़क पर खड़े होने से लगता है घंटो का रोज जाम

नवीन रोडवेज बस स्टैंड पर बसों के न रुकने से बस अड्डा बना अराजकतत्वों का अड्डा

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**मैनपुरी।** कुरावली में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम सहित अन्य रोडवेज बसों के चालको की मनमानी आम लोगो पर भारी पड़ रहीं है। रोडवेज बसों के चालको की मनमानी इस कदर हावी है कि वे पुराने अस्थाई रोडवेज बस स्टैंड पर जीटी रोड पर ही बसों को खड़ा कर-के सवारियों को बस में बिठाते है और उतारते है। पुराने अस्थाई रोडवेज बस स्टैंड पर जीटी रोड पर एक साथ कई बसों के खड़े होने से जाम के हालात उत्पन्न हो जाते है। कुरावली में जीटी रोड पर जाम की समस्या लाइलाज कैंसर की बीमारी की तरह लाइलाज हो गई है। कुरावली के अधिकारी इस समस्या का इलाज करने की कोशिश में लगे हुए है। लेकिन यह बीमारी ठीक नहीं हो पा रहीं है।

ज्ञात हो कि कुरावली में बर्ष 2005 में सपा शासनकाल में रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था, जो वर्तमान समय में रोडवेज विभाग के चालको की मनमानी से सफेद हाथी सावित हो रहा है। एक तरफ जहां रोडवेज विभाग बस स्टैंड चालू होने का दावा करता है लेकिन ठीक इसके विपरीत यहां पर रोडवेज बसें देखने तक को नहीं मिलती हैं, जिसके पीछे की बजह भी आपको हैरान कर देगी, रोडवेज विभाग दावा करता है कि वहां पर बसों को सवारी नहीं मिलती हैं, पुराने अस्थाई रोडवेज स्टैंड पर ही सवारी मिलती है इसलिए बसों को वहीं रोका जाता है। तो विभाग की इस दावा का भी जबाव देते है जब बसों को नवीन बस स्टैंड पर सवारी नहीं मिलती है तो रोडवेज चालक बसों को पुराने अस्थाई बस स्टैंड पर बसों को रोकना बंद कर दें, तो क्या जिन्हे सफर करना है वह नवीन बस स्टैंड नहीं जा सकते हैं, कहीं न कहीं इसके लिए रोडवेज बसों के चालक ही जिम्मेदार है। बसों के चालक जीटी रोड पर ही बसों को खड़ा करते है इसके लिए यहां जाम के हालात बने हुए है। यह कहना गलत नहीं होगा कि कुरावली का रोडवेज बस अड्ड़ा वर्तमान समय में जुआरी और सटोरयों का अड्ड़ा बन चुका हैं, रोडवेज बस अड्ड़ा जुआरी और सटोरियों सहित कुरावली के अराजकतत्वों के लिए सबसे महफूज जगह बन गया है। इसका प्रयोग रोडवेज बसों के लिए नहीं होने से आपराधिक घटनाओं में शामिल अराजकतत्व अपने छिपने की जगह के लिए प्रयोग कर रहे है।

### क्या बोले परिवहन विभाग मंत्री



मैनपुरी के कुरावली में सड़क पर ही रोडवेज बसों के खड़े होने और स्थाई नवीन बस स्टैंड के सुचारु न होने का मामला संज्ञान में नहीं हैं, इसकी जानकारी विभाग में की जाएगी, बस स्टैंड को विधिवत तरीके से चालू करके बसों को वहीं पर रोकने के निर्देश दिए जायेंगे, जिससे कि कुरावली में जाम की समस्या से लोगो को निजात मिल सके।

**– दयाशंकर सिंह, परिवहन विभाग मंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।**

### क्या बोले एआरएम मैनपुरी

कुरावली में रोडवेज बसों को पुराने बस स्टैंड पर जीटी रोड ही खड़े होने का मामला संज्ञान में है। नवीन बस स्टैंड पर बसों के रुकने में एक बहुत बड़ी समस्या आ रहीं हैं, वहां सवारी बसों को नहीं मिलती हैं, सवारी केवल पुराने बस स्टैंड पर मिलती हैं, इसलिए वहां पर बसें रोकना मजबूरी हो गई है। लेकिन कुरावली में जाम लगने की जानकारी मिली है, जाम से निपटने के लिए अन्य आसपास के डिपो के एआरएम से पत्राचार करके बसों को नवीन बस स्टैंड रोकने की बात रखी जाएगी, जिससे कि जाम की समस्या उत्पन्न न हो।

**– संजीव कुमार यादव, एआरएम मैनपुरी डिपो।**

### कई रोडवेज बसों के खड़े होने से लगता है जाम

अगर हम देखे तो पुराने अस्थाई रोडवेज बस स्टैंड पर एक के बाद एक कई रोडवेज बसों के सड़क पर ही खड़े होने से यहां पर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। रोजाना देर शांय दिल्ली के लिए जाने वाली रोडवेज बसें सड़क लाइन लगाकर खड़ी होती है, उस दौरान हालात बेकाबू हो जाते है। कुरावली में जाम की समस्या के लिए कहीं न कहीं रोडवेज बसों के चालक भी जिम्मेदार है।

## यूपी-जापान के बीच निवेश व सहयोग को लेकर पहल तेज




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में निवेश एवं व्यावसायिक अवसरों के विस्तार के साथ-साथ सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं पर्यटन क्षेत्रों में पारस्परिक सहयोग के माध्यम से स्थायी साझेदारी के उद्देश्य से जापान के यामानाशी प्रान्त के उप-राज्यपाल श्री जुनिची इशिडोरा के नेतृत्व में 8 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी कला केन्द्र, सेक्टर-6, नोएडा का भ्रमण किया। इस अवसर पर जापानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान दोनों पक्षों के बीच उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और भविष्य की साझेदारी को लेकर विचार-विमर्श हुआ। बताया गया कि जापान के यामानाशी प्रान्त की ओर से अगस्त माह में उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर एक आधिकारिक बैठक प्रस्तावित की गई है, जिसमें जापान की प्रतिष्ठित कंपनियों और संगठनों से जुड़े लगभग 200 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के शामिल होने की संभावना है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश की प्रमुख कंपनियां, निवेशक, उच्चाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति भी प्रतिभाग करेंगे। नौएडा प्राधिकरण द्वारा अगस्त माह में प्रस्तावित इस बैठक को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

## आपदा प्रबंधन व हीट वेव एक्शन प्लान को लेकर डीएम की सख्ती, अनुपस्थित अधिकारियों को चेतावनी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन समिति, कोल्ड वेव तथा सिटी हीट वेव एक्शन प्लान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी और पूर्व बैठकों की अनुपालन आख्या रात तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डीएम ने शीतलहर के मद्देनजर रैन बसेरे, अलाव, पेयजल, प्रकाश व स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा खुले में सो रहे लोगों को रैन बसेरों तक पहुंचाने के लिए संयुक्त रात्रि भ्रमण टीम गठित करने के निर्देश दिए। बहुमंजिला इमारतों व औद्योगिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा जांच कर मानक उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। सड़क सुरक्षा के तहत गड्ढों की मरम्मत, रोड मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग, रिफ्लेक्टर व ब्लैक स्पॉट सुधार कार्य शीघ्र पूरा करने तथा लंबित रिपोर्ट अंतिम अवसर में देने को कहा गया। ग्रामीण क्षेत्रों, गौशालाओं, विद्यालयों व स्वास्थ्य संस्थानों में भी शीतलहर व आपदा से बचाव के निर्देश जारी किए गए।

सिटी हीट वेव एक्शन प्लान के अंतर्गत 20 मार्च 2026 तक जनपद के लिए प्रभावी योजना तैयार कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए गए। सभी विभागों को दो दिन में फोटोग्राफ सहित कार्यवाही विवरण ईमेल से उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व, जिला विकास अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## फरवरी में शुरू होगा सौ दिवसीय सघन टीवी अभियान

### टीवी मुक्त भारत अभियान, शीघ्र पहचान, इलाज और कुशल रणनीति से मिलेगी सफलता

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी फरवरी माह से जिले में सौ दिवसीय सघन टीवी अभियान शुरू किया जाएगा। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. रतनपाल सिंह सुमन ने पत्र जारी कर दिशा-निर्देश दिए हैं।

सीएमओ डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में टीवी उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके कारण वर्ष 2015 के सापेक्ष टीवी इंसीडेंस में 17 प्रतिशत की कमी आई है। अभियान में शासन व समाज मिलकर टीवी उन्मूलन के लिए कार्य कर रही हैं। सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों व सभी हितधारकों के अच्छे कार्य के बावजूद अभी टीवी उन्मूलन के लिए काफी कार्य करना शेष है। टीबी उन्मूलन के लिए अधिक आक्रामक रणनीतियों की आवश्यकता है। इसलिए एक बार पुनः 100 दिवसीय सघन टीवी मुक्त भारत अभियान फरवरी से पूरे देश में चलाया जाएगा।

**टीवी जांच के सैंपल ट्रांसपोर्टरों की व्यवस्था-** सीएमओ ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व उससे नीचे की स्वास्थ्य सुविधाओं से पांच प्रतिशत व अस्पतालों में दस प्रतिशत व्यक्तियों को सामान्य ओपीडी से जांच के लिए रेफर करना है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से टीवी जांच के लिए सैंपल ट्रांसपोर्टरों की व्यवस्था की जाएगी। टीवी मुक्त भारत अभियान को कुशल रणनीति, शीघ्र पहचान, इलाज से सफलता मिलेगी।

**टीवी से मृत्यु दर कम करना है उद्देश्य**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.आशुतोष कुमार कि अभियान में जनभागीदारी के महत्व को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सांसदों से टीवी मुक्त भारत अभियान के विषय में विचार-विमर्श किया है। विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, प्रधानों व पार्षदों को टीवी मुक्त भारत अभियान के विषय में संवेदीकरण करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि टीवी मुक्त भारत अभियान की रणनीति है शीघ्र टीवी रोगी की पहचान, टीवी से मृत्यु दर को कम करना और नये टीबी रोगी न बनने देना ।

### क्या है टीवी के लक्षण...

- दो सप्ताह से अधिक से खांसी
- बुखार
- रात में पसीना आना
- मुंह से खून आना
- सीने में दर्द होना
- सांस लेने में तकलीफ होना
- वजन कम होना
- भूख न लगना
- थकान होना
- गर्दन में गिल्टी/गांठे
- बांझपन

## ग्रेनो प्राधिकरण ने खेड़ा चौगानपुर में 8 रिहायशी टावर किए सील

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने खेड़ा चौगानपुर स्थित खसरा संख्या-109 के भूखंड पर बने 8 रिहायशी टावरों को सील कर दिया है, जिनमें 100 से अधिक फ्लैट बने हुए थे।

यह कार्रवाई बृहस्पतिवार सुबह प्राधिकरण के भूलेख एवं परियोजना विभाग द्वारा की गई। सील किए गए सभी फ्लैट फिलहाल खाली पाए गए। जांच में सामने आया कि उक्त भूमि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आती है, जहां बिना अनुमति और बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराया गया था। इस मामले में पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है तथा एफआईआर भी दर्ज है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एन.जी. रवि कुमार ने अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर भूलेख और परियोजना विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। यह कार्रवाई एसीईओ सुमित यादव की निगरानी में की गई, जिसमें ओएसडी अभिषेक पाठक, ओएसडी रामनयन सिंह, वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम, प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, सहायक प्रबंधक राजीव मोटला, स्थानीय पुलिस एवं प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

एसीईओ सुमित यादव ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अधिसूचित क्षेत्र में बिना अनुमति या बिना नक्शा पास कराए किए गए किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में जमीन या फ्लैट खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से पूरी जानकारी अवश्य लें, ताकि अवैध कॉलोनियों में उनकी गाढ़ी कमाई न फंसे।

## कुष्ठ रोगियों के साथ रहकर उनके दर्द को समझना उपचार

### करहल तहसील सभागार में कुष्ठ रोग जागरुकता शिविर आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**मैनपुरी/करहल।** तहसील सभागार में विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर कुष्ठ रोग की रोकथाम के संबंध में लोगों को जानकारी जानकारी देते हुए प्रभारी तहसीलदार संतोष राजोरिया ने कहा कि कुष्ठ रोग दिवस कुष्ठ-मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हर साल 31 जनवरी को विश्व कुष्ठ रोग दिवस मनाया जाता है। भारत में कुष्ठ रोगियों के साथ रहकर उनके दर्द को समझा जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक और भेदभाव को खत्म करना, लोगों में जागरूकता फैलाना और इस बीमारी से प्रभावित लोगों को सम्मानजनक जीवन देने की अपील करना है।

उन्होने आगे कहा कि कुष्ठ रोग, बैक्टीरिया माइकोबैक्टीरियम लेप्री से होने वाली संक्रामक बीमारी है, अच्छी बात यह है कि इसका इलाज पूरी तरह संभव है। मल्टी ड्रग थेरेपी नाम की मुफ्त दवाओं से कुछ महीनों में ही मरीज पूरी तरह ठीक हो जाता है। अगर बीमारी का शुरूआती दौर में पता चल जाए, तो हाथ-पैर में कोई स्थायी नुकसान भी नहीं होता और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। कुष्ठ रोग समाज का कलंक और मरीजों के साथ होने वाला कलंक है, जिसके कारण कुष्ठ रोगी को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

### गलत धारणाओं से होता है भेदभाव

संतोष रोजारिया ने कहा कि लोग सोचते हैं कि यह बीमारी बहुत तेजी से फैलती है, इसका कोई इलाज नहीं है या यह किसी पाप-श्राप का नतीजा है। इन गलत धारणाओं के चलते मरीजों के साथ भेदभाव होता है,कई बार परिवार उन्हें घर से निकाल देता है, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कुष्ठ रोगी को लोग समझते नहीं हैं।

### लोग डॉक्टर के पास जाने से डरते हैं

उन्होने कहा कि कलंक इतना गहरा होता है कि बहुत से लोग लक्षण दिखने पर भी डॉक्टर के पास जाने से डरते हैं, वे सोचते हैं कि अगर किसी को पता चल गया तो उनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। इस डर के कारण बीमारी बढ़ती रहती है, जटिलताएं आती हैं और संक्रमण दूसरों तक पहुंचता रहता है। यही वजह है कि विशेषज्ञों का कहना है कुष्ठ रोग का इलाज आसान है, असली चुनौती कलंक को मिटाना है। जनवरी को देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### गांव गांव होती है जागरुकता रैलियां

गांव-गांव में जागरूकता रैलियां, स्कूलों में सेमिनार, स्वास्थ्य शिविर और कुष्ठ रोगियों के साथ संवाद सत्र होते हैं, इन प्रयासों से मिथकों को तोड़ने और शीघ्र जांच-उपचार के महत्व को समझाने की कोशिश की जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार के संयुक्त अभियान से कुष्ठ रोग के नए मामले लगातार घट रहे हैं, लेकिन पूर्ण उन्मूलन के लिए समाज का सहयोग भी जरूरी है। लेकिन भारत सरकार ने 2027 तक कुष्ठ-मुक्त भारत का लक्ष्य रखा है। इस मौके पर कानूनगो, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## ग्रेटर नोएडा में कल विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**ग्रेटर नोएडा।** हिंदू वरिष्ठ समाज के दिशा निर्देशन एवं हिंदू सम्मेलन समिति अध्यक्ष श्रीमान मुकेश चौधरी जी के मार्गदर्शन में 1 फरवरी 2026 दिन रविवार प्रातः 10:30 बजे एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है।

समिति के अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने बताया इस सम्मेलन के माध्यम से समाज में उंच नीच का भेदभाव समाप्त करने, समरसता का भाव लाने एवं भारत माता की सेवा में अपने आप को समर्पित करने तथा राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने में हर संभव प्रयास के लिए एकजुट होने का आह्वाहन करने का काम किया जा रहा है। समिति के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी अतुल आनंद सिंह ने बताया कि इस हिंदू सम्मेलन में सर्व हिंदू समाज से लगभग 5000 लोगों को एक मंच पर एक साथ उपस्थित होने का अनुमान और पूर्ण प्रयास है जो की आसपास के सेक्टर में पूरे नगर से आमंत्रित है इस आयोजन में देश तथा प्रदेश स्तर के वक्ता अपनी वाणी से सर्व हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने समाज के हित के लिए एक दिशा देने और भारत माता की सेवा के लिए एक सकारात्मक विचार से आगे बढ़ाने में सहायता करने वाले हैं। इस ऐतिहासिक क्षण में जब पूरा भारतवर्ष परम वैभव की दिशा में आगे बढ़ रहा है इस समय यह दिव्य सम्मेलन सर्व समाज के साथ मानवता पर एक सकारात्मक प्रभाव से सभी सर्व हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करेगी।

इसमें सम्मिलित होने वाले हर व्यक्ति को अपने ऊपर अपने हिंदू समाज के ऊपर और अपने राष्ट्र के ऊपर गर्व की अनुभूति प्राप्त होगी। आज के इस कार्यक्रम में जीत सिंह, ज्ञानवीर पहलवान, सुरेश पचौरी,बलराज हुड, सूरत नागर , अजय भाटी एवं समस्त RWA टीम, मुकेश चौधरी , अतुल आनंद सिंह , सुखराम वर्मा , देवेंद्र कसाना , रोशनी सिंह , ज्ञान सिंह , मोहित , सुजीत तिवारी , गौरव नागर , नीतीश , संजीव , मनोज , प्रमोद ठाकुर , विवेक राजपूत , श्याम रावत , अल्का खोका , अभिषेक , सत्येंद्र यादव , अरविंद , उर्मिला शर्मा , नीलम तोमर , अविनाश पांडे , , जितेंद्र बंसल , राजकुमार , संतोष उपस्थित रहे हैं।

## पर्यावरण संरक्षण को संकट पैदा कर रहे बिल्डर पर मुकदमा दर्ज हो, भारतीय किसान यूनियन भानू की मांग

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**ग्रेटर नोएडा।** एन. जी.वर्मा-भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने एस.डी. एम.प्रशासन, अनुराग शारश्वत को ज्ञापन सौंप कर कहा है कि जहां

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एयर क्वालिटी इंडेक्स 450 के पार जा रहा है, वहीं लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत हो रही है इसस आम जनमानस परेशान है। भारतीय किसान यूनियन ने प्रशासन का ध्यान दिलाते हुए कहां है कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसको लेकर सरकार को सजग किया है।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री ने वृहत स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाए हैं हर वर्ष लाखों-लाख पौधे लगाए जा रहे हैं लेकिन कुछ पर्यावरण के दुश्मन इन सब प्रयासों को मटियामेट कर रहे हैं यदि तत्काल ऐसे बिल्डरों पर नकेल नहीं कसी गई तो कुछ दिनों बाद यहां जीवन खतरे में पड़ जायेगा।अंधाधुंध हो रहा पेडों का कटान जीवन के लिए खतरे की घंटी है।

ऐसा ही एक मामला ग्रेटर नोएडा के सिग्मा सैक्टर का है जहां एक बिल्डर अवैध रूप से लिंक रोड की ग्रीन बेल्ट के विशालकाय वृक्षों का कटान कराने में लगा हुआ है लगभग दो ढाई महीने में सैकडों पेडों को काट चुका है,जिसपर किसी का ध्यान नहीं गया।आज भाकियू भानू के पदाधिकारियों ने कटान पर आपत्ति जताई तो ,बिल्डर धमकी पर उतारु हो गया ,इसके उपरांत वन विभाग को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पूरे मामले की गहनता से पड़ताल करके बिल्डर के खिलाफ कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।

हमारी शासन प्रशासन से मांग है कि जनजीवन से खिलवाड करने वाले ऐसे लोगों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई की जाए यदि ऐसा नहीं किया गया तो स्थानीय लोग भाकियू भानू के नेतृत्व में विशाल धरना-प्रदर्शन करने हेतु बाध्य होंगे।जिसके लिए शासन प्रशासन स्वंय जिम्मेदार होंगे।इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता महकार नागर,जिला अध्यक्ष राजकुमार नागर,एनसीआर उपाध्यक्ष यशपाल नागर, देवेन्द्र नागर सामाजिक चिंतक, श्यौराज सिंह, नैपाल दरोगा,मुनीम, नरेंद्र, संदीप, रमेश, खेमचंद, बबलू पंडित, सैयद हसन, डॉ अरविंद कुमार, अतुल प्रधान,मुन्नू भाटी,प्रदीप कुमार, धर्मवीर, नरेश, सोनू, प्रमोद बंसलआदि मौजूद थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।